शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 105 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 11 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# केजरीवाल को मिली शर्तों के साथ अंतरिम जमानत

## सीएम कार्यालय या सचिवालय नहीं जा सकेंगे केजरीवाल, किसी भी फाइल पर नहीं करेंगे हस्ताक्षर, तिहाड़ जेल अधीक्षक के सामने ही 50 हजार रुपये का बेल बॉन्ड भरना होगा

**नई दिल्लीः**
सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए कई शर्तें भी लगाई हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि केजरीवाल इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकेंगे। उन्हें तिहाड़ जेल अधीक्षक के सामने ही 50 हजार रुपये का बेल बॉन्ड भरना होगा। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री और एक राष्ट्रीय दल के नेता हैं। निःसंदेह उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं लेकिन उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है।

उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। केजरीवाल समाज के लिए खतरा नहीं हैं। कोर्ट ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और 50 हजार रुपये के जमानती के आधार पर जमानत दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की शर्तें तय करते हुए कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे। केजरीवाल किसी भी फाइल पर उप-राज्यपाल की मंजूरी के बिना हस्ताक्षर नहीं करेंगे। वह अंतरिम जमानत के दौरान अपने केस पर अपनी भूमिका को लेकर कोई कमेंट नहीं करेंगे। साथ ही मामले से जुड़े किसी गवाह से संपर्क नहीं करेंगे। कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक की अंतरिम जमानत देते हुए 2 जून को सरेंडर करने का आदेश दिया है। हालांकि, ईडी ने अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि चुनाव प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक अधिकार। यहां तक कि ये कानूनी अधिकार भी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट 2017 में चुनाव आयोग बनाम मुख्तार अंसारी के मामले में ये फैसला दे चुका है।

इससे पहले कोर्ट ने 7 मई अंतरिम



जमानत पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि जब आबकारी नीति से जुड़े घोटाले की जांच शुरू हुई थी, तब केजरीवाल की भूमिका की जांच नहीं हो रही थी। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी तो उनकी भूमिका सामने आई। जस्टिस खन्ना ने कहा था कि यह एक असाधारण स्थिति है। चुनाव चल रहा है और एक मुख्यमंत्री जेल में है। यह सामान्य मामला नहीं है। जस्टिस खन्ना ने कहा था कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई इसलिए नहीं कर रहे कि केजरीवाल राजनेता हैं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए कुछ विशेष और असाधारण परिस्थिति हो सकती है। हम यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि केजरीवाल के लिए चुनाव ऐसी असाधारण स्थिति है क्या। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया था। केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इससे पहले 9 अप्रैल को दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी।

# 'जिंदा तो क्या, मरने के बाद भी नहीं गाड़ पाओगे'

**नंदुरबार :**
**पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार** को महाराष्ट्र के नंदुरबार में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संजय राउत के अपने ऊपर दिए गए आपत्तिजनक बयान का भी जिक्र किया। पीएम ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कल ही शिवसेना वालों को गरीब से कितनी नफरत है, ये इन्होंने फिर बताया है। ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है - मोदी तेरी कब्र खुदेगी, दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं। पीएम ने आगे महाविकास अघाड़ी को घेरते हुए कहा,



"तुष्टिकरण के लिए ये भाषा बोली जा रही है। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे। इनकी सियासी जमीन खिसक चुकी है। इनको पता नहीं है कि देश की माताएं-बहनें मोदी की रक्षा करेंगी।" प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "माताएं-बहनें ही मोदी की रक्षक हैं। ये मातृ शक्ति मेरा रक्षा कवच है। मुझ पर मातृ शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग चाहकर भी मोदी को जीते जी तो क्या, मरने के बाद भी जमीन में नहीं गाड़ पाएंगे।" दरअसल, अहमदनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ। राउत ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को उद्योगपति करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी गुजरात में ही पैदा हुए हैं। शिवसेना-यूबीटी नेता ने कहा "छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म महाराष्ट्र में हुआ, इसलिए महाराष्ट्र का अपना इतिहास है। इस औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ, इतिहास देख लें। दाहोद गांव में उसका जन्म हुआ था। ध्यान रखें कि एक बार औरंगजेब को हमने महाराष्ट्र से बाहर किया था। 27 साल औरंगजेब महाराष्ट्र जीतने के लिए लड़ता रहा। आखिर में उसी औरंगजेब को गाड़कर हमने उसकी कब्र बना दी, फिर....।"

# वाइस एडमिरल संजय बने नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल

**नई दिल्लीः**
वाइस एडमिरल संजय भल्ला शुक्रवार को भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने 35 वर्षों के सेवाकाल में जल और तट दोनों पर विशेषज्ञ और परिचालन नियुक्तियों में कार्य किया है। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में अपनी विशेषज्ञता पूरा करने के बाद उन्होंने कई युद्धपोतों पर विशेषज्ञ के रूप में कमान संभाली है। विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक, नौसेना पदक और प्रशस्ति से सम्मानित किया गया है। वाइस एडमिरल संजय भल्ला को 01 जनवरी, 1989 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्हें समुद्र में चुनौतीपूर्ण एवं पूर्णकालिक कमान संभालने का मौका मिला, जिसमें आईएनएस निशंक,



आईएनएस तारागिरी, आईएनएस ब्यास और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट की नियुक्तियां भी हैं। वह अपने इस कार्यकाल के दौरान 2022 में राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा और भारतीय नौसेना के प्रमुख बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन' में समुद्री चरण के लिए सामरिक कमान में अधिकारी थे।

उन्होंने नौसेना मुख्यालय में सहायक कार्मिक प्रमुख (मानव संसाधन विकास) सहित महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। वाइस एडमिरल भल्ला ने नौसेना अकादमी में अधिकारियों के प्रशिक्षण का नेतृत्व किया और विदेशों में राजनयिक कार्यभार भी संभाला। चीफ ऑफ पर्सनल के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ थे। उन्होंने 'ऑपरेशन संकल्प' और सिंधुदुर्ग में नेवी डे ऑपरेशन डेमो 2023 जैसे कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था

वह लंदन में रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज और वेलिंगटन के नेवल वॉर कॉलेज और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। उनकी शैक्षिक उपलब्धियों में एम फिल (रक्षा और रणनीतिक अध्ययन), लंदन के किंग्स कॉलेज से अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक अध्ययन में स्नातकोत्तर, मद्रास विश्वविद्यालय से एमएससी (रक्षा और रणनीतिक अध्ययन) और सीयूएसएटी से एमएससी (दूरसंचार) शामिल है।

# संविधान बदला ही नहीं जा सकता, केवल संशोधन संभवः गडकरी




**मुंबई :**
देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। अब तक तीन चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। इसके साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का दौर भी जारी है। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी कर एक-दूसरे की पोल खोलने में लगे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को भाजपा नेता नितिन गडकरी ने विपक्षी दल पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री महाराष्ट्र की बीड लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार पकंजा मुंडे के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लोगों को भ्रमित कर रहे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि संविधान को बदला नहीं जा सकता सिर्फ संशोधित किया जा सकता है। कांग्रेस अपने शासनकाल में अब तक 80 बार संवैधानिक संशोधन कर चुकी है। कांग्रेस की ही गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की जनता गरीब बनी हुई है। गडकरी ने कहा कि जब तक देश के आखिरी गरीब व्यक्ति को लाभ नहीं मिलता, तब तक हम रुकेंगे नहीं। कांग्रेस की गलत आर्थिक नीतियों के कारण ही देश में लोग गरीब रहे। हमने 10 साल काम किया। 60 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। वे अपने काम के बल पर चुनाव नहीं लड़ सकते इसलिए वे जनता को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि आप सभी जाति और धर्म के आधार पर वोट न करें। उन्होंने कहा कि जब आपको सर्जरी करानी होती है तो क्या आप डॉक्टर की जाति देखते हैं। आप अगर पंकजा को वोट देते हैं, तभी आप रिंग रोड, फ्लाईओवर और सर्विस रोड के समाधान के लिए मेरे पास आ सकते हैं। गडकरी ने कहा कि सीएनजी से चलने वाले दोपहिया वाहनों का निर्माण पहले ही शुरू कर दिया गया है। चीनी मिलों को इन वाहनों के लिए ईंधन बेचने के लिए इथेनॉल पंप स्थापित करने का लाइसेंस दिया जाएगा। किसान न केवल ऊर्जा उत्पादक होंगे, बल्कि वे जैव-बिटुमेन का उत्पादन भी करेंगे। बता दें, बीड में 13 मई को मतदान होगा। मुकाबला

# डोप टेस्ट से इनकार नहीं कियाः बजरंग पुनिया

**नई दिल्लीः**
टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता फ्रीस्टाइल पहलवान बजरंग पुनिया ने दोहराया कि उन्होंने डोप टेस्ट देने से इनकार नहीं किया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) डोप टेस्ट के लिए एक्सपायर किट भेजने पर उनके सवाल का जवाब देने में विफल रहा। पुनिया को 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित ट्रायल के दौरान मूत्र का नमूना उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

अपने अनंतिम निलंबन आदेश की रिपोर्ट के बाद, पहलवान ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी ह्वअपना नमूना देने से इनकार नहीं कियाह्व और नाडा अधिकारियों से उस एक्सपायर किट के बारे में जवाब मांगा, जिसे उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए भेजा था। 65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले बजरंग ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, "यह स्पष्ट करना है कि मैंने कभी भी डोपिंग नियंत्रण के लिए अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया है। 10 मार्च 2024 को, जब कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने मुझसे संपर्क किया, तो मैंने उन्हें केवल यह याद दिलाया कि पिछली दो बार जब वे मेरा नमूना लेने आए थे, तो उन्हें एक बार एक्सपायर किट मिली थी और दूसरी बार, वे तीन परीक्षण किट के बजाय एक ही परीक्षण किट लेकर मेरे पास आए थे। फिर मैंने उनसे जवाब मांगा क्योंकि नाडा ने मेरे किसी भी संचार



का जवाब नहीं दिया और मैंने उन्हें सूचित किया कि मैं उनसे ऐसा स्पष्टीकरण मिलने पर अपना नमूना दे दूंगा। न केवल डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने स्पष्टीकरण देने से इनकार कर दिया, बल्कि उन्होंने मुझे इस बात का कोई सबूत भी नहीं दिया कि उनके पास उचित उपकरण थे और वे केवल उस स्थान से चले गए जहाँ मैं था, यह दावा करते हुए कि यह मेरी ओर से इनकार था।" उन्होंने आगे लिखा, "मैं आयोजन स्थल पर ही रहा क्योंकि मुझे 3/4 पोजीशन के लिए एक और मुकाबला करना था। अपने सेमीफाइनल मुकाबले के बाद, मैं कुश्ती ट्रायल के सेमीफाइनल के दौरान लगी घुटने की चोट के इलाज के लिए आयोजन स्थल पर साई डॉक्टर से मिला। कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों द्वारा मुझसे संपर्क करने के लगभग एक घंटे बाद ही मैं आयोजन स्थल से बाहर निकला, जबकि यह दिखाया गया कि मैं तुरंत वहां से चला गया था। वास्तव में डोप नियंत्रण अधिकारी को मेरे साथ तब तक रहना चाहिए था जब तक कि मैंने प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतियोगिता प्रबंधक को अपनी मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर दी, न कि ट्रायल के बीच में जल्दबाजी में निकलकर अपना इनकार दर्ज करना चाहिए। भले ही इस घटना को इनकार के रूप में माना जाए, लेकिन यह तथ्य कि यह नाडा द्वारा एक्सपायर हो चुकी किट का उपयोग करने और उनके उपयोग के लिए स्पष्टीकरण न देने या मुझे यह तसल्ली न देने के कारण हुआ कि उन्होंने एक्सपायर हो चुकी किट फिर से नहीं लाई हैं, एक ठोस औचित्य के रूप में माना जाना चाहिए। मैंने ऐसा रुख केवल अतीत में नाडा की कार्रवाइयों के कारण अपनाया, जो स्पष्टीकरण के अभाव में एक्सपायर हो चुकी किट के उपयोग या डोपिंग नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन न करने की खतरनाक प्रवृत्ति को जारी रख सकती थीं। कुश्ती समुदाय और विशेष रूप से युवा पहलवानों के प्रति यह मेरा नैतिक दायित्व है, जिसका मैंने यहां पालन किया।"

# रामलला को 11,000 हापुस आमों का लगा भोग

## पुणे के किसानों ने भगवान को भेजी पहली फसल

पुणेः
अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर भगवान राम को 11 हजार हापुस आमों का भोग लगाया गया। महाराष्ट्र के पुणे शहर से राम के भक्तों ने अपने आमों की पहली फसल रामलला को समर्पित कर उनके प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन किया। हापुस को आमों की सबसे अच्छी प्रजातियों में से एक माना जाता है।

यह महाराष्ट्र के विभिन्न इलाकों में प्रमुख तौर पर पैदा किया जाता है और देश-विदेश में बहुत ऊंचे दामों पर बिकता है। पुणे के राम भक्तों ने हापुस आमों को भगवान राम को समर्पित करने के लिए कई महीनों पहले से ही तैयारी कर रखी थी।



इसके लिए पुणे के सबसे अच्छे हापुस आमों को चुनकर विशेष रूप से तैयार की गईं टोकरियों में भरकर इन्हें अयोध्या में भगवान के मंदिर तक लाया गया। आज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर इन आमों और आम रस की बोतलों को भगवान को समर्पित कर दिया गया। महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न इलाकों में किसान अपनी फसलों की पहली खेप अपने आराध्य को समर्पित करते हैं। विश्व हिंदू परिषद के शरद शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि जब से भगवान राम के मंदिर का उद्घाटन हुआ है, पूरे देश और दुनिया से भक्त अयोध्या आ रहे हैं और अपने-अपने तरीके से भगवान के प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह माता शबरी ने भगवान को बेर खिलाकर उनके प्रति अपनी भक्ति का प्रदर्शन किया था, उसी प्रकार इन आमों को भगवान को अर्पित कर भी भक्तों ने उनके प्रति अपने प्रेम का परिचय दिया है।

# मतदान के आंकड़ों पर आयोग ने खड़गे से कहा, भ्रम पैदा न करें

**नई दिल्ली**
चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत से संबंधित आंकड़ों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों कों चुनावों के बीच भ्रम पैदा करने वाला बताया है। आयोग ने विस्तार से आरोपों का खंडन करते हुए खड़गे को सलाह दी है कि वे इस तरह के बयान देने से बचें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस सप्ताह की शुरूआत में आईएनडीआईए सहयोगियों को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि क्या चुनाव आयोग का वास्तविक मतदान आंकड़ा प्रकाशित करने से इनकार करना, मतदान प्रतिशत आंकड़े जारी करने में देरी करना और अगले चरणों के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन न करना लोकसभा चुनाव परिणामों से छेड़छाड़ का प्रयास है। आयोग ने कहा है कि फॉर्म 17सी में दर्ज वोटों की संख्या में किसी भी तरह हेरफेर की कोई गुंजाइश नहीं है। इसकी हस्ताक्षरित प्रति मतदान समाप्ति पर सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को उपलब्ध कराई जाती है। मतगणना के दिन ईवीएम में डाले गए कुल मतों का मिलान उम्मीदवारों या उनके एजेंटों की उपस्थिति में फॉर्म 17सी से किया जाता है। आयोग ने कहा कि मतदाता मतदान आंकड़ा देर से जारी किए जाने का आरोप तथ्यों से परे है। हमेशा से मतदान की जानकारी ऐप पर उपलब्ध रहती है। आयोग ने किसी भी तरीके से मतदाता मतदान आंकड़ा प्रदर्शित करने के डिजाइन या आवधिकता को नहीं बदला है।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, शनिवार
11 . 05 . 2024


# पत्थरों के गढ़ शंकरगढ़ में बूंद बूंद पानी को तरस रहे नगरवासी

**बारा विधायक ने शंकरगढ़ पहुंच परेशान लोगों को बंधाया ढांढस, जल निगम व विद्युत विभाग को निर्देश, जेनरेटर का हुआ इंतजाम**

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** आग उगलती गर्मी के बीच पेयजल को तरसते शंकरगढ़ वासियों को शनिवार से पर्याप्त माला में पीने का पानी मिल सकता है। पेयजल संकट गहराने की सूचना पर शुक्रवार को बारा विधायक डा.वाचस्पति ने नगर पंचायत शंकरगढ़ का दौरा किया और विभिन्न वार्डों में जाकर लोगों से उनकी पीड़ा जानी। नगर पंचायत के सभी दर्जनभर वार्डों में पानी की विकराल समस्या को देखते हुए बारा विधायक डा. वाचस्पति ने नगर पंचायत कार्यालय में भी लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निदान का भरोसा दिलाया। विधायक ने बताया कि जल निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की गई है। नगर पंचायत शंकरगढ़ में 10 टैंकर पहले से मौजूद हैं इसके अलावा 11 और टैंकर शुक्रवार की शाम तक मिल जाएंगे। इस तरह कुल 21 टैंकर से शंकरगढ़ प्रत्येक वार्ड में जल की आपूर्ति की जाएगी। विधायक ने बताया कि गर्मी में बार-बार बिजली की ट्रिपिंग की समस्या से भी जलापूर्ति बाधित होती है। इस समस्या के समाधान के लिए बिजली विभाग से संपर्क किया गया है। गौरा में, जहां से वाटर सप्लाई की जाती है, दो जेनरेटर की व्यवस्था की गई है, एक जेनरेटर वहां पहुंच गया है, जबकि दूसरा भी कल तक पहुंच जाएगा। इन दोनों जेनरेटरों की मदद से निरंतर गौरा पेयजल योजना से जल की सप्लाई मिलती रहेगी। प्रत्येक वार्डों में दो-दो टैंकर लगाए जा रहे हैं। ताकि किसी को कोई समस्या न होने पाए।इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए नगर पंचायत के ईओ से बात हो गई है। नगर पंचायत सभी कस्बावासियों को जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाए, ताकि कोई भी पानी के लिए परेशान न होने पाए। बता दे कि अप्रैल माह से ही शंकरगढ़ में पेयजल संकट गहरा गया है, जलस्तर नीचे जाने के कारण जनता एक-एक बूंद पीने के पानी के लिए तरस रही है। व्यापार मंडल शंकरगढ़ अध्यक्ष अरविंद केसरवानी के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारी इस समस्या के निदान के लिए दिन रात एक किये हुए हैं। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में विधायक डॉक्टर वाचस्पति के पहुंचने पर व्यापारियों ने नगर की तमाम समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर विधायक जी ने जल्द ही निराकरण का भरोसा दिलाया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ला, चेयरमैन प्रतिनिधि छेदीलाल कोटार्य, सभासद आर के सिंह, गोलू, पप्पू भारतीय, मनपूरन सिंह, दीपक केसरवानी, चंदन साहू, मूलचंद्र केसरवानी, रोहित केसरवानी, रामजतन बंसल, रतन केसरवानी, जय केसरवानी, सुजीत केसरवानी, पंकज केसरवानी, आकाश,राजेन्द्र कुमार, धीरज वैश्य, निखिल, रजत, समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## प्लाट का लालच देकर हुई ठगी, मुकदमा दर्ज

**मांडा।** नैनी की रहने वाली ऊषा देवी पत्नी दुर्गेश मणि तिवारी ने तहरीर देकर बताया कि साइन सिटी कन्सन्ट्रक्सन प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ उत्तर प्रदेश(समृध्दि गुल्लक मांडा सेक्टर-1) में योजना विकसित किया गया एवं युक्त योजना में प्लांट बुक कराने हेतु विज्ञापन निर्गत किया जिसके सापेक्ष में प्रार्थिनी ने 31900 के दो किस्त जमा कर दिया और एंग्रीमेंट का कार्य किया लेकिन परन्तु भूखण्ड का बैनामा नहीं किया गया और न तो पैसा वापस किया। जिस पर मांडा थाना में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## जेठ पर घर में घुस कर मारने पीटने का भयाहू ने लगाया आरोप

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासनीय सरिता पटेल पत्नी दिनेश कुमार का आरोप है कि उसके जेठ आए दिन मारते पीटते हैं। सरिता पटेल का आरोप है कि जेठ शुक्रवार को उसके घर में घुस कर मारे पीटे जान से मारने की धमकी दी। सरिता पटेल ने अपने जेठ रमेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## नैनी क्षेत्र में विशाल मां भगवती जागरण 18 मई को

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के हनुमान नगर में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 18 मई को रात्रि में तकरीबन 9 बजे से स्टेशन रोड, हनुमान नगर मोहल्ले में आठवां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष राहुल जायसवाल ने क्षेत्रीय भक्तजनों से पहुंच कर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## जमीनी विवाद को लेकर मार पीट, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के छीते मउ में घर के सामने गढडा खोदने से मना करने पर पिता पुत्र को मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया। पुलिस ने।तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी फखरूद्दीन पुत्र सिराजुद्दीन का आरोप है कि उनके विपक्षी उसकी जमीन पर गढडा खोद रहे थे मना करने पर मारे पीटे और तथा उसके पुत्र इमरान को भी मारे पीटे। फखरूद्दीन ने मऊआइमा थाने में फुजैल अहमद, मेराज अहमद,अबू तालिब के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## न्यूज झरोखा

### अरैल में जनसंपर्क के दौरान सांसद प्रत्याशी का हुआ भव्य स्वागत




**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र के शिव नगर में भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का स्वागत सामाजिक कार्यकर्ता व वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला के निवास स्थान पर किया गया संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने बताया लोकसभा सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का दिव्य स्वागत सुशील शुक्ला शिव नगर निवासी के निवास स्थान पर माला अर्पण करके स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इस अवसर पर नीरज त्रिपाठी ने कहा की क्षेत्र में विकास मेरी पहली प्राथमिकता होगी कार्यकर्ताओं का मेहनत रंग लाएगा भाजपा केंद्र में सरकार बनाएगी यह भाजपा कार्यकर्ताओं का मेहनत का परिणाम होगा इस अवसर पर सुशील शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया इस अवसर पर सुशील शुक्ला वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव प्रदीप तिवारी सुनील कुशवाहा प्रदीप शुक्ला अशोक शुक्ला राज सिंह मनोज साहू बबलू पांडे दीपक पांडे संजय श्रीवास्तव राजेश दीक्षित राणा श्रीवास्तव सैकड़ो के कार्यकर्ताओं ने शिवनगर में उनका हार्दिक स्वागत किया।

### चक भटाई के पार्षद ने सांसद प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क किया



**नैनी।** नैनी चक भटाई वार्ड 81में वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव और वार्ड 81 के वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव के निर्देशन में चक भटाई वार्ड के विवेक नगर और यादव बस्ती में घर घर जनसंपर्क करके सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को समर्थन देने के प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, संजय श्रीवास्तव महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, नीरज शर्मा नैनी मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, राज सिंह पिछड़ा मोर्चा मंत्री, उमेश सेन किसान मोर्चा मंत्री, सुनील विश्वकर्मा दिव्यांग प्रकोष्ठ, सुनील कुशवाहा भाजपा नेता, प्रदीप कुमार तिवारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सोना खरीदना ही नहीं अक्षय तृतीया पर सेवा का भी महत्व



**सहसों।** अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन को लेकर लोगों में कई मान्यताएं हैं। जिनमें से सबसे प्रमुख मान्यता ये है कि इस दिन बिना पंचांग देखे किसी भी प्रकार के मांगलिक और शुभ कार्य को किया जा सकता है। यह इस विश्वास को दर्शाता है कि इस दिन किए गए किसी भी कार्य को असीम सफलता और सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। अब इसके मायने भी बदलने लगे है। इस दिन को लोगों की सेवा में समर्पण को भी शुभ मानने लगे है। इस अवसर पर अक्षय तृतीय के दिन शुक्रवार को अंदावां स्थित रुद्रा संगम वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से शरबत पिलाया। जिसमें आशीष चतुर्वेदी के साथ अध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव संजय पांडेय, एपी यादव, आर एस पांडेय, कवि अशोक श्रीवास्तव सहित आदि रुद्रावासी सेवा में लगे रहे।

### जीएस अकादमी छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**करछना।** क्षेत्र के धरवारा स्थित जीएस अकादमी के छात्रों एवं शिक्षकों ने विशाल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया इस उस उपरांत विद्यालय से एक किलोमीटर दूर बड़ी संख्या में लोग मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। और बीच बीच में नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया इस दौरान प्रबंधक विनय प्रताप सिंह ने कहा कि अपने मताधिकार के प्रति लोगों में जागरूकता जरूरी है।बच्चों ने सत्य और ईमान से सरकार बनाओं मतदान से,उम्र 18 पूरी है,मत देना बहुत जरूरी है जैसे स्लोगन लिखित तख्तियों के साथ बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर नीतू सिंह,विष्णु गोपाल पांडेय,सुरजीत सिंह,पूजा मिश्रा,शर्मिला सिंह,कल्पना तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं अभिभावक एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### चार किलो गांजा के साथ दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा




**मऊआइमा।** चुनाव के मद्देनजर पुलिस विभाग सख्त हो गया है।वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके पास से चार किलो गांजा बरामद किया। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। शुक्रवार को मऊआइमा थाना के सब इंस्पेक्टर उमाशंकर, कांस्टेबल सन्त सिंह, ओमप्रकाश सिंह सिंसई सिपाह चौराहे पर औचक चेकिंग अभियान शुरू कर दिए।दो संदिग्धों को मऊआइमा पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो एक ने अपना नाम आशीष तिवारी पुत्र ओझा तिवारी और दूसरे ने अपना नाम युवराज सिंह पुत्र अरविन्द कुमार ग्राम बडोखट थाना कोरांव बताया दोनों के पास से दो दो किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## विवाहिता के भाई ने पत्रकार को फोन पर दी धमकी

**अखण्ड भारत संदेश।**

**मांडा।** विगत दिनों विवाहिता द्वारा सुसरालजनों के खिलाफ भारतगंज पुलिस चौकी पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं पुलिस तत्काल मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया और पूछताछ कर कार्रवाई की बात कही तो मौके पर विवाहिता के भाई धर्मवीर सोनकर ने बहन को समझा बुझाकर एक साथ मिलकर रहने की बात कहा। पुलिस ने दोनों पक्षों की आपसी समझौता को सुना । और दोनों पक्षों ने सहमति जताई की पुलिसिया कार्रवाई नहीं चाहते हैं। गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी भारतगंज अंतर्गत महेवा कला निवासी दिलीप सोनकर ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया की विवाहिता उनकी बेटी नीलू की शादी वर्षों पूर्व भारतगंज पुलिस चौकी के वार्ड नं तीन गारोपुर गाव मे हिन्दू रिवाज के साथ सम्पन्न हुई। शादी बाद ससुरालीजनों ने दहेज़ मे दो लाख की मांग को लेकर प्रताड़ना शुरु किया। इस दौरान विवाहिता ने अपने मायके वरदात बताई। गत दिनों विवाहिता के गहने को बीमारी से जूझ रहे उनके पति ने इलाज के लिए गिरवी रखने के मामले को लेकर पुलिस चौकी पर दोनो पक्षो मे समझौता भी हुआ था। लेकिन गुरुवार को विवाहिता के पिता दिलीप सोनकर के तहरीर पर दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में ससुरालजनो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं आग से झुलसी विवाहिता का इलाज एसआरएन प्रयागराज में चल रहा है। विवाहिता की गहना गिरवी रखना ही सुसुरलजनो को महंगा पड़ा। शुक्रवार को उपरोक्त समाचार प्रकाशित होने पर विवाहिता के भाई धर्मवीर सोनकर निवासी महेवा कला ने फोन कर हिन्दी दैनिक समाचार पत्र का स्थानीय पत्रकार अजय कुमार प्रजापति मांडा को फोन पर धमकी देते हुए कहा कि बहुत बड़े पत्रकार बन गए हो क्या मैं उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर कार्यरत हूं अपने कलम पर विराम लगाओ नहीं तो अच्छा नहीं होगा। निष्पक्ष समाचार लिखने पर विराम लगाने वाले विवाहिता के भाई द्वारा धमकी देने से आहात होकर पत्रकार ने उच्चाधिकारियो से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की हैं।

## युवाओं के दम पर केंद्र में बनेगी तीसरी बार भाजपा सरकार : तेजस्वी

**उरुवा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन**






**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या व भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का युवा सम्मेलन में मेजा विधानसभा के उरूवा में जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। बता दे कि शुक्रवार को उरूवा के मंडपम गेस्ट हाउस में आयोजित युवा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बैंगलोर दक्षिण से सांसद व भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या पहुंचे थे। तेजस्वी सूर्या व नीरज त्रिपाठी का युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय, जिलामंत्री राहुल मिश्रा, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत तेजस्वी सूर्या ने इलाहाबाद लोकसभा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में लोगों से वोट करने की अपील की।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं के दम पर केंद्र में तीसरी बार भाजपा 400 पार के स्लोगन के साथ सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां जग जाहिर है। विपक्षी दल भाजपा सरकार के विकास कार्यों से हताश और निराश हो चुके हैं। आप सभी युवा एकजुट होकर 25 मई को भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पक्ष में वोट करके नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। जिससे कि विश्व में भारत का डंका बजता रहे। मंच पर विराजमान लोक सभा प्रभारी (52) प्रणव त्रिपाठी ने युवाओं को संबोधित करते हुए जोश भरा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित देशों की श्रेणी की ओर बढ़ रहा है। देश में सनातन संस्कृति मजबूत हुई है। आपसी भाईचारा बढ़ा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति, इन्द्रदेव उर्फ राजू शुक्ल, राजीव तिवारी, धीरज द्विवेदी, पुष्कर तिवारी, रोहित पांडे, धर्मेंद्र चंद्रा, सूरज शुक्ल, सत्या, सबल तिवारी सहित हजारों की संख्या में युवा व भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नवयुवक ब्राह्मण समाज द्वारा मनाया गया भगवान परशुराम जयंती





**सहसों।** गारापुर स्थित केंद्रीय कार्यालय पर नवयुवक ब्राह्मण समाज के द्वारा विष्णु अवतारी, भृगुवंशी भगवान परशुराम की जयंती पर उनको श्रद्धा के साथ पुष्पांजलि, धूप, दीप एवं नमन वंदन करते हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी वयोवृद्ध शिवदत्त पांडे ने भगवान परशुराम को नमन वंदन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मण धरती का भूसुर यानी कि देवता माना गया है। जिसका उल्लेख गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्री रामचरितमानस में भी किया है। उन्होंने उपस्थित समाज के लोगों से कहा जिस तरह से भगवान परशुराम ने सनातन धर्म की रक्षा एवं ब्राह्मणों के उत्थान के लिए कार्य किया। हम सबको भी उनका अनुसरण करते हुए इस संगठन के माध्यम से अपने ब्राह्मण समाज का उत्थान करते हुए आगे बढ़ाया जाए ताकि एक बार फिर यह ब्राह्मण समाज पूरे समाज में शीर्ष नेतृत्व स्थापित कर सके। उन्होंने कहा हम समाज के लिए इस संगठन की मजबूती प्रति जब भी कोई भी आवश्यकता पड़ेगा हम हर संभव मदद के लिए तैयार खड़े रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण, धूप एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी भगवत प्रसाद मिश्र, डॉ रामदत्त तिवारी प्राचार्य प्रयाग महाविद्यालय, पूर्व प्रधान प्रमोद त्रिपाठी आजाद, भाजपा नेता शाश्वत अशोक तिवारी ने भी संगठन एवं समाज के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नवयुवक ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों को प्रशस्ति पत्र तथा अंग वस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया गया। संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर भगवान परशुराम की स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में संगठन के संरक्षक हरषू प्रसाद शुक्ल ने सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनुराग मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, पवन शुक्ला, प्रवेश शुक्ला, अशोक मिश्रा, विनोद शुक्ला, आनंद मिश्रा, अजीत पांडे, भुवनेश शुक्ला, विजय तिवारी, संतोष दुबे, बाबा दिन दुबे, राम शिरोमणि मिश्रा, चिंतामणि शुक्ला, आशीष शुक्ला एवं प्रियम मिश्रा सहित समाज के आदि पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## कोहडार में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**मेजा।** रामानुज इंटर कालेज कोहड़ार के प्रबंधक के आवास पर शुक्रवार को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर प्रधानपति मदरहा अमरेश मिश्र ने कहा कि आज परशुराम जयंती मनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी।इस पर गहन विचार करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा हम आप अपने अस्तित्व को पहचाने तभी जयंती मनाने का औचित्य सिद्ध होगा। जन्म से तो हम सभी एक जैसे हैं परंतु हम अपने कर्म से जाने जाते हैं कि हम भगवान परशुराम के वंशज हैं। जयंती कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सुनील मिश्रा ने किया। इस मौके पर राज नारायण मिश्र, विद्याकान्त मिश्र, पंडित रमाशंकर मिश्र, मुन्ना मिश्र, मंगनलाल तिवारी, अरुण पांडेय, पंडित अनिरुद्ध मिश्र, कमलेश द्विवेदी, राजू द्विवेदी, प्रेम तिवारी, दुर्गेश पांडेय, अवधेश पाण्डेय, कमला शंकर द्विवेदी, राजा पांडेय, सुरेश पांडेय, बाबूराम तिवारी, रंजय मिश्र, मनी तिवारी, विनय मिश्र, दूधनाथ द्विवेदी, कमला पांडेय, शिवराम मिश्र, मनीलाल तिवारी, दिलीप द्विवेदी, जगदीश प्रसाद मिश्र, हरिमोहन द्विवेदी, जगदीश पांडेय,संतोष पांडेय, आनंद पाण्डेय अधिवक्ता सुशील मिश्र उपमंत्री बार मेजा के अलावा सैकड़ों अन्य लोग प्रमुख रूप मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप के जयंती पर निकली शोभायात्रा




**मांडा।** क्षेत्र के सुरवांदलापुर से इस यात्रा का प्रारंभ क्षत्रिय संघ के लोगों ने किया और देखते ही देखते हजारों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गुरुवार को महाराजा राणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास से मनाई जा रही थी। राजपूत समाज के लोग महाराज राणा प्रताप के जयंती को स्वाभिमान और शौर्य दिवस के रुप में मनाते हैं।वीर योद्धा महाराणा प्रताप का जन्म नौ मई 1540 को राजस्थान में हुआ था। महाराणा प्रताप ने अपनी वीरता से मुगलों के घमंड को चूर किया और उनके हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। जब भी लोग उनको याद करते हैं तब साहस और शौर्य का अपने आप उदय हो जाता है। जयंती के अवसर पर लोगों ने शोभायात्रा यात्रा निकाल शौर्य का परिचय दिया।यह यात्रा सुरवांदलापुर, खवास का तारा,मांडा खास, भारतगंज, मांडा रोड होते हुए चिलबिला में समाप्त हुई।इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिवाकर प्रताप सिंह(राजा डइया),तपन सिंह, महेश प्रताप सिंह,रिशु सिंह, अर्जुन सिंह,संजय सिंह,रविन्द्र सिंह,यश सिंह,अंकित सिंह देवा,अमन सिंह, आदर्श सिंह, विनोद सिंह तथा भारी मात्रा में भीड़ उपस्थित रहीं।

## जंघई व्यापार मंडल के संरक्षक महेंद्र जायसवाल निधन, क्षेत्र शोकाकुल



**जंघई।** जंघई बाजार, प्रयागराज व्यापार मंडल के संरक्षक वरिष्ठ व्यापारी सीधे, सरल, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी महेंद्र जायसवाल का बीमारी से निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों, रिश्तेदारों एवं जंघई के व्यापारियों में शोक का माहौल है। जंघई के आस पास के दर्जनों गांवों के लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार में उनके पुत्रों रवि जायसवाल, गौरव जायसवाल तथा भाईयों विनोद कुमार जायसवाल, राजू जायसवाल से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया।महेंद्र जायसवाल जंघई बाजार के पुराने प्रतिष्ठित व्यापारी थे उनके प्रतिष्ठान महेंद्र बर्तन भंडार का क्षेत्र में काफी नाम है।परिजनों में छेदीलाल जायसवाल, सुरेश कुमार जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, रमेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, सुरेंद्र जायसवाल, राजीव जायसवाल, सुनील जायसवाल, अमित जायसवाल, अविनाश जायसवाल, कौशिक जायसवाल, सोम जायसवाल, ओम जायसवाल एवं राजमनि सिंह, छोटेलाल सोनी, मदन जायसवाल, कन्हैयालाल जायसवाल, इंद्रजीत उमरवैश्य, दीपेंद्र जायसवाल तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों में संजय जायसवाल बबलू, महेंद्र जायसवाल मून्नू, राकेश जायसवाल बबलू, विवेक जायसवाल, मुकेश जायसवाल, सोनू जायसवाल, जिम्मी जायसवाल एवं समाजसेवी बाबा तिवारी सहित तमाम लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## रास्ते की मांग को लेकर निर्माणाधीन रिंग रोड पर ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन



**सहसों।** सहसों बाईपास से घरहरा चकिया मोलनापुर संपर्क मार्ग को बंद किया जाए जाने की आशंका पर शुक्रवार को सुबह लगभग 8 बजे सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर सिक्स लेन रिंग रोड पर एन एच आई के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते निर्माण कार्य को रूकवा दिया। जिस पर कार्यदाई संस्था ओएसएस के प्रशासनिक अधिकारी विकास त्रिपाठी ने रास्ते के लिए प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर प्रधान पति सूरज मिश्रा से उप जिलाधिकारी फूलपुर तपन मिश्रा से फोन पर वार्ता कराई। प्रधान पति के अनुसार एसडीएम महोदय ने बताया कि मैं अभी चुनाव कार्य में व्यस्त हूं समय निकालकर मैं और परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पंकज मिश्रा के साथ स्थलीय निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित करूंगा। तत्पश्चात सर्वे करने वाली टीम के माध्यम से इसका समाधान संभव हो सकता है। उन्होंने बताया कि स्थलीय निरीक्षण एवं सर्वे होने तक कार्यदायी संस्था को उक्त स्थान पर कार्य करने के लिए मना कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि रास्ते को बंद किया गया तो कई गांवों के लोग मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मार्ग से लगभग दर्जनों गांव के लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। इसके साथ-साथ कई विद्यालयों के नन्हे मुन्ने बच्चों, एवं बालिकाओं का प्रतिदिन विद्यालय, कॉलेज, कोचिंग संस्थान एवं अध्ययन करने के लिए तथा व्यापार आदि के लिए सदैव आगमन बना रहता है। शिक्षा व्यवसाय आदि के हिसाब से भी यह मार्ग बहुत ही महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों की मांग है कि जिस तरह से हसनपुर गांव स्थित रोड पर पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है उसी तरह इस मार्ग पर भी पुलिया का निर्माण कराया जाए ताकि 24 घंटे चलने वाले इस मार्ग पर राहगीरों का राह आसान होते हुए बंद न होने पाए यदि बंद किया गया तो हम सब ग्रामीण रास्ते के लिए भारी जन आंदोलन करेंगे। धरना प्रदर्शन करने वालों में महाविद्यालय के प्रबंधक संजय सिंह, विशाल सिंह, शेखर सिंह, नरेन्द्र पांडे, अनुज कुमार मिश्रा, अर्जुन भारतीय ,कमल यादव, राजमणि सिंह, विपिन द्विवेदी, रामचंद्र कुशवाहा, कुंदन सिंह, डब्बू सिंह एवं शौकत अली सहित भारी संख्या में ग्रामीण प्रदर्शन करते मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम का मनाया गया भव्य जयंती समारोह





**कोरांव।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कोरांव तहसील अंतर्गत ग्राम सभा मिश्रपुर स्थित शोभनाथ धाम में भगवान परशुराम मंदिर पर पूरे हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया परशुराम का जन्मोत्सव उक्त मौके पर स्थानीय श्रद्धालुओ कि भारी भीड़ उपस्थित रही।लोगों ने भगवान की पूजा अर्चना के बाद जन सभा का आयोजन कर उनके जीवन काल पर प्रकाश डाला।जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता राजेश पाण्डेय ने कहा कि किसी समय ब्राह्मण समाज के लोग पूरे देश में लगभग बीस मूख्यमंत्री होते थे लेकिन मौजूदा स्थिति मे गिनती शून्य हो गई हैं ब्राह्मण समाज बुद्धजीवी समाज हैं लोकतंत्र में ताकत दिखाने की आवश्यकता है सक्रिय नेता शशी दूबे ने कहा कि हमारा समाज सदैव देश हित की बात सोचता है पर हमारे समाज के हित की बात कोइ नहीं सोचता जिला पंचायत सदस्य पिन्टू चौबे ने आए हुए समाज के लोगों का स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि हम सब समाज के मान सम्मान के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहेआनंद प्रकाश उर्फ बबलू शुक्ला ने कहा कि आज जिस तरह से समाज की उपेक्षा कर विकास दूबे एवम अन्य ब्राह्मण समाज के लोगों का बिना किसी कोर्ट के आदेश के कानून की धज्जियां उड़ाते हुए इनकाउंटर किया गया यह लोकतंत्र के चेहरे पर कालिख पोतने जैसा कार्य है और उसके साथ ही साथ मौजूदा सरकार के क्रिया कलापों के विरुद्ध आवाज उठाने वाले समाज के लोगो पर फर्जी ढंग से मुकदमा लगा कर उत्पीड़न किया जा रहा है जो की निंदा का विषय है। हम लोगों को भगवान परशुराम से प्रेरणा लेते हुए अत्याचार करने वालों को उखाड़ फेकने कि जरूरत है समाज को एकजुट करने की जरूरत है कार्यक्रम का संचालन प्रमोद मिश्रा पयासी ने किया प्रमुख रुप से राजू चौबे टिपी पाण्डेय राजा पाण्डेय कुट कुट तिवारी हरिप्रसाद मिश्रा श्री हीरालाल मिश्रा ब्रिजेश तिवारी डा अनिल पाण्डेय गणेश मिश्रा अरुण तिवारी सुभाष पाण्डेय रमेश तिवारी कालिका तिवारी अंबुज तिवारी शूर्यनाथ दूबे सरस्वती मिश्रा वंशी पाण्डेय सोनू पाण्डेय समीर मिश्रा अन्टू चौबे मून्ना शूक्ला के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त द्वारा मतदाता जागरूकता विशेष अभियान का किया गया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद प्रयागराज में दिनांक 25.05.2024 को मतदान सम्पन्न होना है। आगामी 25 मई 2024 को शतप्रतिशत मतदान किये जाने के दृष्टिगत 10 मई 2024 को सेन्ट अन्थोनी गर्ल्स इण्टर कालेज, प्रयागराज में जनपद प्रयागराज के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता विशेष अभियान का शुभारम्भ मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पी0एन0सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर मण्डलायुक्त, जिलाधिकरी एवं मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत किया गया। अपने स्वागत सम्बोधन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्वीप की विशेष कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुये कहा कि जनपद मे 25 मई 2024 को मतदान तिथि निर्धारित है। अर्थात अब एक पखवाडे का समय शेष है तो मुख्य विकास अधिकारी महोदय के निर्देशन में पूर्व से संचालित कार्ययोजना के साथ-साथ विशेष कार्ययोजना जिसमें नियमित रूप से जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों में रक्षा-सूत्र, संकल्प पत्र, जागरूकता रथ एवं बुलावा टोली द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का संचालन कराया जाना है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप प्रयागराज श्री गौरव कुमार ने प्रधानाचार्या को सम्बोधित करते हुये निर्वाचन से सम्बन्धित विभिन्न एप के बारे में जागरूक किया उन्होने कहा कि उदाहरण के तौर पर वोटर हेल्प लाइन एप से हम सभी अपनी बूथ संख्या क्रमांक इत्यादि की जानकारी घर बैठे ही बहुत आसानी से प्राप्त कर सकते है। उन्होनें इस बिन्दु पर विशेष जोर दिया कि सभी लोग इन एप्स का अवशय ही उपयोग करे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रयागराज श्री नवनीत सिंह चहल ने अपने सम्बोधन मे प्रधानाचार्यो का आहवान करते हुये कहा कि आपके प्रयास से एक श्रृंखला-संदेश के द्वारा अधिक से अधिक छात्रों को जोड कर पूरे जनपद में मतदान के प्रतिशत को बढ़ा सकते है। बूथो पर निर्वाचन आयोग द्वारा जो विशेष सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है उसकी भी जानकारी उन्होंने प्रदान की। मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षकों की बातो को छात्र-छात्राऐ अपने माता पिता की बातों से भी अधिक महत्व देते है। यदि आप उनको अपने माता-पिता, अभिभावकों एवं पास-पडोस के लोगो को मतदान करने हेतु प्रेरित करेगें तो वे अपने माता-पिता, अभिभावकों एवं पास-पडोस के लोगो को मतदान हेतु अवशय ही अपने बूथ पर जाने हेतु आग्रह करेगे। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के प्रति समाज का चिन्तन सकरात्मक होता है। यदि प्रधानचार्य एवं शिक्षक अभिभावकों से मतदान हेतु निवेदन करते है तो इसका मतदान प्रतिशत पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा और हम लोग शत-प्रतिशत मतदान कराने में सफल होगें। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज श्री एल0बी0मौर्य एवं श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह, तथा श्री बी0एस0 यादव, श्री के0के0त्रिपाठी एवं स्वीप टीम प्रयागराज के सहित जनपद के सभी सम्मानित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या उपस्थित रहे। अन्त में पी0एन0सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज द्वारा सभी के प्रति आभार/धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गयी।

# 35 साल के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**प्रयागराज।** एक महिला ने एक युवक पर अपनी बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है। आरोपी की पहचान मीरापुर के रहने वाले कार्तिक यादव के रूप में हुई है। महिला का कहना है कि आरोपी ने उनकी बेटी का आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। अब इसे वायरल करने की धमकी देकर प्रताड़ित कर रहा है। महिला की शिकायत कर पुलिस ने अतरसुइया थाने में केस दर्ज कर लिया है। जांच के लिए वाट्सएप कॉल, मैसेज आदि के साक्ष्य मांगे हैं।पीड़िता चंडीगढ़ के एक कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई कर रही शहर की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी चंडीगढ़ के एक कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई कर रही है। पिछले कुछ समय से बेटी को एक शख्स फोन कर धकी दे रहा है। गलत तरीके से प्रताड़ित कर रहा है।

**एआई तकनीक से वीडियो एडिट करने का आरोप :** महिला का आरोप हे कि उसने बेटी का एआई तकनीक से अश्लील फोटो और वीडियो तैयार कर लिया है। इसी के बल पर वह छात्रा को बैकमेल कर रहा है। वह शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। ऐसा न करने पर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। आरोपी की इस हरकत से छात्रा काफी डरी सहमी हुई है। महिला का कहना है कि जब उस युवक से बात की गई तो वह पूरे परिवार को धमकी देने लगा। कहा कि बदनाम कर कहीं का नहीं छोड़ेंगे। तहरीर पर पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर मामले की जांच कर रही है।

## ग्रीष्मकालीन बालक एवं बालिका 30 दिवसीय हैंडबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

12 मई से अभिमन्यु हैंडबॉल मैदान नैनी पर




**नैनी।** नैनी में 12 मई को अभिमन्यु हैंडबॉल मैदान पर जिला स्तरीय 30 दिवसीय बालक एवं बालिका हैंडबॉल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आयोजन किया जा रहा है जिसमें जनपद प्रयागराज के सभी खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते हैं जनपद के समस्त खेल प्रेमियों से अनुरोध है कि जो भी खिलाड़ी हैंडबॉल प्रशिक्षण में प्रतिभा करना चाहता है वह अपना जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड वह दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दिनांक 12 मई 2024 को अभिमन्यु हैंडबॉल मैदान नैनी प्रयागराज में उपस्थित होकर प्रशिक्षण शिविर के चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकता है उक्त के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज के सचिव कौशल कुमार दीक्षित व प्रशिक्षक राम बहादुर सिंह मयंक दीक्षित से संपर्क कर सकते हैं।

## मजदूरी करने गैर प्रांत गए श्रमिक की हार्ट अटैक से मौत

**कोरांव।** थाना कोराव के ग्राम अमिलियापाल निवासी मैफुल पुत्र स्वर्गीय सद्दीक श्रमिक की मालेगांव में बृहस्पतिवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक न तो हार्ट का रोगी था न ही सुगर का। चर्चा है कि कोरोना का उसने सारे टिके लगवाया था। परिजन मां और उसकी पत्नी पांच बच्चों का तो रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की लड़की शादी करने लायक हो चुकी है। मजदूरी ही उक्त मृतक परिवार का मुख्य सहारा था। लाश को एम्बुलेस से गांव अमिलिया पाल शुक्रवार को लाया गया,जहां उसे दफना दिया गया। सारे गांव के लोग दुखी थे। श्रमिक प्रतिनिधि शहजादे अल्हवा सहित तमाम लोगों ने मृतक परिवार की सहायता के लिए आगे आने को कहा है।

# राणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास को याद किया





**झूंसी।** अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के तत्वाधान में हनुमानगंज स्थित सृष्टि गार्डन में महाराणा प्रताप की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में ठा. राम प्रताप सिंह बालिका इंटर कालेज की बच्चियों ने राणा प्रताप के जीवन पर आधारित हल्दी घाटी के युद्ध की प्रस्तुति देकर शौर्य एवं वीरता का माहौल बना दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह गौर, पूर्व आईजी केपी सिंह, चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक उपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक हंडिया प्रशान्त सिंह, संस्था के संरक्षक हरिनारायण सिंह ने भगवान राम व महा राणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि महा राणा प्रताप का इतिहास गौरवशाली रहा है। उनका नाम वीरता व वचन की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने अपने जीवन में कठिन संघर्ष कर-के भारत वासियों को जुल्मी से मुक्ति दिलाने का काम किया था। फूलपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी विधायक प्रवीण पटेल ने राणा प्रताप को नमन करते हुए उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि हम सदैव क्षत्रियों के सम्मान की रक्षा के लिए खड़े रहेंगे। वही आईजी केपी सिंह ने कहा कि राणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए आन, बान व शान कायम रखते हुए मुगलो की दासता स्वीकार करने के बजाय वनों में रहना ज्यादा सही समझा। संचालन कर रहे संगठन महासचिव विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी को भगवान राम व महाराणा प्रताप के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए। संगठन महासचिव महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम लड़ना जानते है देश के लिए भी और अपने लिए भी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार सिंह और रिंकू ने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस दौरान अखंड राजपूताना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह, ब्लॉक प्रमुख पप्पू छतहरा, पूर्व प्रमुख अशोक सिंह, पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह, अखिलेश सिंह, शाषिकेन्द्र प्रताप सिंह, इन्देश सिंह, विजय सिंह सहित सभी वक्ताओं ने क्षत्रिय एकता की बात की इस अवसर पर प्रयागराज जिले के सभी ब्लॉकों से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में युवाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

राणा प्रताप जयंती के अवसर पर हनुमानगंज बीकापुर स्थित सृष्टि गार्डन में अमर मेमोरियल, महेश नेत्रालय व इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसका शुभारंभ पूर्व आईजी केपी सिंह ने किया। जानकारी देते हुए डॉक्टर विनोद ने बताया कि रक्तदान सिविल में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया 34 यूनिट रक्दान किया गया। चेस्ट फिजिशियन डॉक्टर आशुतोष गुप्ता ने रक्तदान करने आए युवाओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदान सिविल में महेंद्र प्रताप सिंह अंकुर राणा, रवि सिंह पुष्पराज सिंह डिंपल सिंह विशाल सिंह आदर्श सिंह आकाश सिंह विशाल सिंह आदि ने रक्तदान किया।

# शादी से पहले दुल्हन प्रेमी संग फरार

## पीड़ित परिवार ने पुलिस को दी तहरीर, आरोपी परिवार ने पीड़ित परिवार को दी जान से मारने की धमकी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दुल्हन शादी के एक दिन पहले गांव के ही प्रेमी संग रुपए कपड़े व गहने लेकर फरार हो गई। परिजनों ने थाने पर तहरीर दी है। परिजनों का आरोप है की आरोपी के घर वाले जान से मारने की और घर की बाकी बेटीयों के साथ भी ऐसे ही व्यवहार की धमकी दे रहे हैं।

फूलपुर थाना क्षेत्र के सौरहा गांव में जीतलाल के छोटे भाई स्व रमेश चंद्र गौड़ की पुत्री की बारात आनी थी। घर के परिजन लड़की की शादी की तैयारी में मशगूल थे। इसी बीच रात दुल्हन बनने जा रही युवती गांव के ही अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजनों को काफी खोजबीन के बाद मालूम चला कि गांव के ही सनी कुमार पुत्र अमृतलाल अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। परिजनों का आरोप है कि जब इस संबंध में फूलपुर थाना कोतवाली में प्रेमी सनी कुमार पुत्र अमृतलाल द्वारा लड़की को भगा ले जाने की तहरीर दी गई तो प्रेमी के परिजनों द्वारा घर पर चढ़कर जान से मारने की धमकी दी गई और घर की अन्य लड़कियों के साथ भी इसी तरह का व्यवहार करने की बात कही।

### पुलिस ने बताया- तहरीर के अधार पर कार्रवाई की जाएगी

आरोप है कि लड़की ने अपने साथ ढाई से तीन लाख रुपए के गहने, कपड़े व शादी के लिए रखे नगद रुपयों को भी ले गई है। फूलपुर पुलिस द्वारा प्रेमी व उसके परिजनों पर कार्रवाई नहीं किए जाने से विधवा मां व उसके परिजनों में भय व्याप्त है। पुलिस का कहना है की तहरीर मिल गई है। कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## प्रयागराज में गरजा सीएम योगी का बुलडोजर, विरोध के बीच ढहाया गया मकान, मची खलबली




**प्रयागराज।** बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर बनाने के लिए लगातार दूसरे दिन संगम क्षेत्र में बने मकानों को ढहाया गया। गुरुवार को पीडीए की टीम सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर के बगल बांध के पास चार कमरे के मकान को ढहाया गया।इसी के बगल बने तीर्थराज ब्रह्मचर्य आश्रम को ढहाने की बात अधिकारी करने पहुंचे तो मौजूद संतों ने यह कहते हुए विरोध व्यक्त किया कि यह आश्रम कई दशक से बना हुआ है। यहां पर जन कल्याण के लिए अखंड कीर्तन हो रहा है। हमें यहां से हटाने से पहले कहीं पर बसाया जाना चाहिए। यहां पर कई दशक पुराना शिवलिंग है।आश्रम के संत श्री निवास नंद सरस्वती ने कहा कि हम सब बड़े हनुमान मंदिर कारिडोर का पूरा समर्थन करते हैं। लेकिन आश्रम में रहने वाले 20 संत कहां जाएं पीडीए के अधिकारियों से वार्ता के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई बगल के मकान पर की गई। पीडीए के अधिकारी ने संतों से कहा कि हमें जो आदेश मिला है उसी के अनुसार कार्य किया जा रहा है। अगर आप को ध्वस्तीकरण का विरोध करना है तो उच्च अधिकारियों के पास आप जा कर अपनी बात रख सकते हैं।ध्वस्तीकरण के दौरान मंदिर के आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया। सड़क के किनारे और मंदिर के आसपास छप्पर डालकर दुकान लगाने वाले अपनी दुकान को हटाने लगे। ध्वस्तीकरण के दौरान ही ढहाए गए मकान का मलबा दो ट्रकों को लगाकर हटाया गया।

# बिशप कॉन्वेंट स्कूल में परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया

**ब्राह्मण शिरोमणि रत्न से सम्मानित किए गए , संजय पाठक**

**दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, वेद मंत्रों से हुआ भगवान परशुराम का अभिषेक**




**नैनी।** नैनी एडीए कालोनी स्थित बिशप कॉन्वेंट स्कूल में परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया। परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय सनातन परिषद एवं राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता मंच द्वारा बृहद स्तर पर सामाजिक कार्य करने वाले शिक्षाविद पंडित संजय पाठक को 'ब्राह्मण शिरोमणि रत्न' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संत समाज के साथ ब्राह्मण समाज एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आरंभ आचार्य लोकेश तिवारी के सानिध्य में उपस्थित कर्मकांडी ब्राह्मण आचार्य मनीष तिवारी, विपिन तिवारी, आचार्य त्रिजुगी नारायण त्रिपाठी, पंडित आचार्य हरिओम पांडे पूजा अर्चना की।भगवान श्री परशुराम को माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर वेद मंत्र उच्चारण के साथ ब्राह्मण समाज के सम्मानित लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता मंच द्वारा परशुराम जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष ब्राह्मण शिरोमणि रत्न सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई। शिक्षाविद पं संजय पाठक को ब्राह्मण समाज शिरोमणि रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य शिरोमणि लोकेश तिवारी ने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम जयंती मनाई जाती है। इस दिन उनकी उपासना करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। वह विष्णु के अवतार एवं शिव के परम भक्त थे। पंडित संजय पाठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय सनातन परिषद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण एकता मंच ने कहा की भगवान परशुराम अत्याचार-अन्याय के विरोधी थे। हमें उनके बताएं मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विनय मिश्र, पंडित संदीप पांडे, मनोरमा शुक्ला, दीप्ति मिश्रा, प्रधानाचार्य रुचि मिश्रा, प्रतिभा पांडे, खुशी द्विवेदी, हर्ष मिश्रा, रिंकी तिवारी, सचिन दुबे, हर्षित पाठक, सोनल पाठक, अजीत पाठक, अलका पाठक, नित्यानंद उपाध्याय, छाया शर्मा, रेनू चट्टोपाध्याय, दीपक मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे। यज्ञ, हवन, प्रसाद वितरण के पश्चात सभी ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि प्रणाम किया।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर ने बंद कराए अमान्य विद्यालय



**प्रयागराज।** शासन के मंशा के अनुरूप अभियान चलाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉ प्रभा शंकर पांडेय ने विकास खण्ड धनूपुर में संचालित हो रहे सन राइज पब्लिक स्कूल दिघौटा, चौधरी बैजनाथ बिंद प्राथमिक विद्यालय संसारीपुर, आर एन पब्लिक स्कूल बानपुरवा व सनराइजमेंट पब्लिक स्कूल सरायपीथा जो बिना मान्यता के संचालित हो रहे थे उनको सीज कराया। उपरोक्त विद्यालयों में कुछ में प्राथमिक कक्षा की मान्यता थी परंतु वहां पर उच्च प्राथमिक की कक्षाएं संचालित पाई गई तथा कुछ में उच्च प्राथमिक की मान्यता थी परंतु प्राथमिक विद्यालय की कक्षा संचालित कर रहे थे साथ ही साथ कुछ बिना किसी मान्यता के संचालित हो रहे थे सभी विद्यालयों को बंद कराया गया। उपरोक्त विद्यालयों को नोटिस जारी की गई है यदि नोटिस के उपरांत भी विद्यालय संचालित पाए जाते हैं तो नियमानुसार अर्थ दंड के साथ-साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज कराई जाएगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर ने मान्यता प्राप्त सभी विद्यालय प्रमुखों की एक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र धनूपुर में आहूत की उपरोक्त बैठक में सभी विद्यालय प्रमुखों को यू डायस कोड, बच्चों का पेन नंबर अलर्ट करना, स्थानांतरण प्रमाण पत्र में पेन नंबर व यू डायस कोड का अंकन करना, दाखिला रजिस्टर को शुद्ध रूप से अद्यतन करना, आदि कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा एवं परिचर्चा करते हुए सभी विद्यालय प्रमुखों को डॉ पांडेय ने निर्देशित किया के अपने अपने विद्यालयों में नामांकित समस्त बच्चों का यू डाइस पूस पोर्टल पर समस्त सूचनाओं को अपडेट करना सुनिश्चित करें।

# कोर्ट नहीं आए गवाह, अतीक-अशरफ हत्याकांड में सुनवाई 24 को:कोर्ट ने अगली सुनवाई पर माफिया हत्याकांड के गवाहों के पेश होने का आदेश दिया

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड पर जिला अदालत में सुनवाई शुरू हो गई है। बहुचर्चित इस हत्याकांड के विचाराधीन मुकदमें की सुनवाई शुक्रवार को जिला न्यायालय में फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई। हालांकि फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले से जुड़े गवाह पेश नहीं हुए इसलिए अदालत ने डेट लगा दी। अब मामले की अगली सुनवाई 24 मई को होगी। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने साफ किया है कि अगली सुनवाई को गवाह जरूर पेश किए जाएं।हत्याकांड के तीनों आरोपित लवलेश तिवारी, सनी उर्फ मोहित सिंह तथा अरुण मौर्य चित्रकूट जेल में बंद हैं। तीनों शूटरों पर आरोप तय कर हस्ताक्षर कराए जाने के लिए आदेश जेल भेजा गया था। उन्हें जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया लेकिन गवाहों के पेश न होने पर तारीख लगा दी गई। फास्ट्र ट्रैक कोर्ट के समक्ष इस हत्याकांड के आरोपित लवलेश तिवारी, सनी तथा अरुण मौर्य को चित्रकूट जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया था। अदालत में उनके विरुद्ध आरोप तय कर हस्ताक्षर के लिए कारागार अधीक्षक को प्रेषित किया था। अब इस मामले की लगातार सुनवाई चलेगी।

**15 अप्रैल को हुआ था सनसनीखेज हत्याकांड**

बहुचर्चित अतीक-अशरफ हत्याकांड 15 अप्रैल 2023 को अंजाम दिया गया था। अतीक और उसके भाई अशरफ की की काल्विन अस्पताल में पुलिस हिरासत के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तीनों शूटरों को घटनास्थल पर ही पुलिस ने पकड़ लिया था। उनके विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल होने के उपरांत पत्रावली मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत की गई।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले का संज्ञान लेकर मामले का विचारण किए जाने हेतु सत्र न्यायालय को पत्रावली सुपुर्द कर दी थी। बाद में मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के न्यायालय में अंतरित कर दिया गया

**2000 पेज की केस डायरी, 56 पेज का आरोप पत्र**

अतीक-अशरफ की हत्या किन-किन व्यक्तियों के द्वारा की गई। किस असलहे से कितने बजे किस तारीख को हत्या हुई। हत्या कहां हुई, हत्या करने के पीछे इन तीनों आरोपियों की क्या मंशा थी। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए रक्ळ ने अभियुक्तों के कब्जे से बरामद असलहा, उनकी जांच रिपोर्ट डॉक्टर के द्वारा किए गए पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट और घटना स्थल का नक्शा नजरी बनाकर पेश किया है। साथ ही सीन रीक्रिएट कर उसकी रिपोर्ट, सबूत भी कोर्ट के समक्ष केस डायरी के साथ संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

## दूरदर्शन कार्यालय तक होगा गंगा पर बन रहे सिक्स लेन पुल का दायरा



**प्रयागराज।** संगम नगरी में गंगा पर बन रहे सिक्स लेन पुल का दायरा 365 मीटर तक बढ़ा दिया गया है। क्षेत्रफल बढ़ाने के साथ 21 करोड़ रुपये का बजट भी बढ़ाया गया है। सिक्स लेन पुल का दायरा लाला लाजपत रोड पर सड़क के उत्तर की ओर बढ़ाया गया है।पहले सिक्स लेन पुल मलाक हरहर से म्योराबाद चौराहा के समीप धोबी घाट के आगे तक था, लेकिन अब इसे मंडलायुक्त कार्यालय के समीप दूरदर्शन केंद्र तक कर दिया गया है। पुल की दूरी बढ़ाने का मुख्य कारण महाकुंभ के दौरान लखनऊ, प्रतापगढ़ और अयोध्या से आने वाले छोटे और बड़े वाहनों को जाम से छुटकारा दिलाना है। पहले पुल की दूरी 9.900 किलोमीटर थी अब इसे बढ़ाकर 10.265 किलोमीटर तक कर दिया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मलाक हरहर से म्योराबाद चौराहे तक सिक्स लेन पुल का निर्माण किया जा रहा है। 9.900 किलोमीटर लंबे पुल को बनाने के लिए 1947 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जाएगा।

# मतदान दिवस के दिन मतदाताओं को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए: डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रेक्षकगणों ने प्रत्याशियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, पुलिस प्रेक्षक महेश चन्द्र जैन, व्यय प्रेक्षक सुब्रत धर ने कैम्प कार्यालय के सभागार में बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग के विस्तृत दिशा निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कोई भी दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नही होगा जिससे किसी धर्म, जाति, समुदायों के बीच कोई भी मतभेद उत्पन्न हो। उन्होने कहा कि यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाये तो यह उनकी नीतियों व कार्यक्रम, गत रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाये। निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करना से बचना होगा।

मन्दिर-मस्जिद अन्य पूजा स्थलों पर जाति या साम्प्रदाय की भावनाओं पर कोई अपील न की जाये। यदि इस दौरान भ्रष्ट आचरण एवं अपराध जैसे कि मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना आदि के कार्य न किये जाये। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति के अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झण्डा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नही दी जायेगी। जुलूस के समय किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही करेगें।

प्रेक्षकगणों ने निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करायें, किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति न उत्पन्न होने दें, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का गहनता से अध्ययन कर लें, उसी के अनुसार अपना चुनाव प्रचार करें, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कदापि न करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह, एसडीएम तनवीर अहमद सहित निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/



बैठक में बोलते जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन।

### निर्वाचन सम्बन्धी शिकायतों की सूचना अधिकारियों को दें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद प्रतापगढ़ हेतु प्रेक्षकगणों क्रमशः सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति (आईएएस) मोबाइल नम्बर 9076726464, पुलिस प्रेक्षक महेश चन्द्र जैन (आईपीएस) मोबाइल नम्बर 9236113369 व व्यय प्रेक्षक सुब्रत धर (आईआरएस) मोबाइल नम्बर 9235925823 को नामित किया गया है। यदि किसी व्यक्ति/प्रत्याशी को चुनाव सम्बन्धी शिकायत या सुझाव हेतु प्रेक्षकगणों के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### पूरे मनोयोग और गंभीरता के साथ लें प्रशिक्षण: जिला निर्वाचन अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद प्रतापगढ़ में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शिता पूर्ण, एवं सकुशल संपन्न करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त पवन कुमार मलपति के कुशल निर्देशन में, संजीव रंजन जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ तथा नवनीत सेहरा, मुख्य विकास अधिकारी और प्रभारी अधिकारी कार्मिक के कुशल नेतृत्व में मतदान अधिकारियों और कार्मिकों का प्रशिक्षण दो पालियों में, राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ। सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज में कुंडा विधानसभा की पोलिंग पार्टियों एवं राजकीय इंटर कॉलेज में बाबागंज विधानसभा की पोलिंग पार्टियों प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। दोनों पालियो को मिलाकर 200 पोलिंग पार्टियों प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, यानी लगभग 800 मतदान कार्मिक प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान जिलाधिकरी ने कहा कि पूरे मनोयोग से आप लोग प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस अवसर पर मंजू वर्मा प्राचार्य अफीम कोठी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रतापगढ़, भूपेंद्र सिंह बीएसए एवं सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रतापगढ़, डॉक्टर रूपेश कुमार, प्राचार्य आईटीआई कुंडा, कुलश्रेष्ठ तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, अशोक शुक्ला, नसीमुद्दीन, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह, लालमणि पांडे, विपिन कुमार, अमित सिंह शिव बहादुर मौर्य सुशील त्रिपाठी संतोष कुमार श्रीवास्तव और सुरेश सिंह, आदि रहे।

## मतदान दिवस पर कारखानों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने बताया है 50-कौशाम्बी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई (सोमवार) पंचम चरण एवं 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 25 मई (शनिवार) षष्टम चरण में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होने बताया है कि जनपद में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ख) में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जायेगा।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई झाँकी व शोभायात्रा

### राष्ट्रीय परशुराम सेना द्वारा हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अक्षय तृतीया पर्व पर श्रीहरि विष्णु जी के छठे अवतार के रूप में पूजनीय पुरुषोत्तम भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय परशुराम सेना के नेतृत्व में कंपनी बाग प्रतापगढ़ से सुबह 8 बजे रथ पर भगवान परशुराम की झांकी सजाकर घोड़े पर भगवान परशुराम स्वरूप में डीजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में भारी संख्या में शामिल लोग भगवान के जयकारे के उद्घोष के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा कंपनी बाग से शुरू होकर राजापाल चौराहा चैक भंगवा चुंगी बलीपुर होते हुए पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई रास्ते भर में लोगो ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की। ट्रेजरी चैराहा स्थित हनुमान मंदिर पर आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, मंडल अध्यक्ष संजय शुक्ला, राजेश पांडेय, जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय, जिला महामंत्री अरुण उपाध्याय, मनीष दुबे, ओम प्रकाश तिवारी, अंकित पाठक, अंकित दुबे, विनय तिवारी, मधुकर सहित भारी संख्या में भगवान परशुराम भक्तगण शोभायात्रा में शामिल रहे।



शोभा यात्रा में शामिल राष्ट्रीय परशुराम सेना के पदाधिकारी।



रामपुर गौरी में प्रचार प्रसार करती भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

## रामपुर गौरी में भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रचार-प्रसार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा के समर्थन में शहर व गांवों में महिला की टोली बनाकर धूमधाम से महिलाएं प्रचार कर रही हैं। इस भीषण धूप व गर्मी में भाजपा महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी तथा सदर क्षेत्र की महिला प्रमुख सारिका श्रीवास्तव के साथ सुष्मिता देव, नीतू आदि महिलाओं ने रामपुर गौरी में महिलाओं को भाजपा शासन की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए नारेबाजी की व नृत्य किया। मोदी को फिर लाना है, देश को बचाना है के गीत पर महिलाएं ग्रामीण महिलाओं के साथ झूमती नजर आईं। पूरे गांव में महिलाओं को इस तरह प्रचार से घरों से महिलाएं बाहर निकल आई थी और इस नये ढंग के प्रचार में वह भी शामिल हो रही थीं।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में विश्वकर्मा योजना के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा कारपेन्टर (बढ़ई) का पॉच दिवसीय प्रशिक्षण 8 मई से चलाया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पीएम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई योजना जो पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण से उन्हें आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और मार्केटिंग में सहूलियत मिलेगी। इस योजना में कुल 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय करने के बारे में सिखाये जाने का लक्ष्य है।

मास्टर ट्रेनर विनोद चैरसिया ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए केन्द्र में कारपेन्टर (बढ़ई) का कार्य करने वाले लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा। प्रशिक्षण के दौरान विनोद चैरसिया ने कारपेन्टर बढ़ई के विश्वकर्मा को योजना के बारे में विस्तार से बताया वही परम्परागत तरीके से कार्य कर रहे लोगों को आधुनिक टूल जैसे इलेक्ट्रिक ड्रिल मशीन, हैण्ड प्लेनर, हैण्ड कटर, रूटर मशीन के प्रयोग के बारे में प्रायोगिक जानकारी दी है। उन्हे व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ने के लिए ई मार्केटिंग, व्यवसाय प्रबन्धन, डिजिटल लेन-देन, उत्पाद के ब्रान्डिग के बारे में समुचित जानकारी दी गई चैरसिया ने यह भी बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से स्टाइपेन्ड के रूप में आर्थिक मदद भी मिलेगी तथा ई-वाउचर के तौर पर 15,000 रुपये तक का टूलकिट भी उपलब्ध करायी जायेगी और उन्हे प्रमाण पत्र भी मिलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभयराज विश्वकर्मा, धुन्नुलाल, मोहित कुमार, संतोष कुमार जितेंद्र विश्वकर्मा, राजकुमार, संदीप पटेल, मनीष यादव आदि लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं।



विश्वकर्मा परिवार को प्रशिक्षण दिलाते ट्रैनर मास्टर।

## बदमाशों की पुलिस मुठभेड़ में तीन लुटेरों के पैर में लगी गोली

### दो फरार, चार दिन पहले बाइक लूटकर चाचा-भतीजे को मारी थी गोली



पुलिस मुठभेड़ में घायल तीनों लुटेरे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के देल्हूपुर थाना क्षेत्र के तौंकलपुर गांव में आज भोर में पुलिस व युवा बदमाशों की मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गोली लगी जिन्हें उपचार के लिये स्थानीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

घटना के बारे में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि ये युवा बदमाश पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगे, तभी जवाबी फायरिंग में तीन बदमाशों अरबाज, सद्दाम व मुस्लिम के पैर में गोली लगी। तीनों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच में है। गोली लगते ही वे गिर पडे और पुलिस ने उन्हें उपचार के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। ये तीनों लुटेरे विगत 6 मई को बाइक लूटने के बाद चाचा-भतीजे को गोली मारने के आरोपी हैं। पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरों के पास से कट्टा, कारतूस बरामद किया। दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग खडे हुए जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। छह मई की घटना के बाद पुलिस इन लुटेरों की तलाश में थी।

### अवैध तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना हथिगवां उप निरी0 श्याम बिहारी सिंह हे0 का0 रामप्रताप सिंह का0 मानवेन्द्र सिंह देखभाल क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की खास् सूचना पर मंजीत पटेल पुत्र रामलखन निवासी पुनेमऊ थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ थाना क्षेत्र हथिगवां के पुनेमऊ चैराहे के पास से गिरफ्तार किया उक्त बरामदगी के संबंध में हथिगवां पुलिस ने मु0अ0सं0 101/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

### दबंग नहीं कराने दे रहे आम रास्ते का निर्माण, तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो बस्तियों को जोड़ने वाले आम रास्ते का निर्माण कार्य गांव के ही कुछ दबंग लोगों द्वारा नहीं करने दिया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीण ने पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के सिरनाथपुर छतेड़ी गांव की रहने वाली फूला देवी सरोज पत्नी राम अवध ने पुलिस को नामजद शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि दो बस्तियों को जोड़ने वाला रास्ता काफी समय से जर्जर था जिसकी मरम्मत एवं निर्माण का कार्य ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है का विरोध गांव के ही कुछ लोगों द्वारा दबंगई के बाल करते हुए निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न करते हुए आमद फौजदारी एवं गाली गलौज की जा रही है। पीड़ित महिला ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### सीआईएसई परीक्षा में वैभव ने किया जनपद का नाम रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील के विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत हिनाहू के पूरे सैफू का पुरवा निवासी वैभव पांडे ने इस वर्ष सी आई एस ई एग्जाम्स में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जनपद का नाम रोशन किया। वैभव ने लखनऊ में रहकर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज से दसवीं की परीक्षा पास किया इनके पिता अमित पांडे वर्तमान में विधानसभा सचिवालय में निजी सचिव के पद पर कार्यरत हैं तथा माता डॉ0 अंजू पांडे एक ग्रहणी है। वैभव की इस सफलता पर समुचे क्षेत्रवासियों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी बधाई देने वालो का घर पर ताँता लगा रहा। बता दें वैभव पांडे कराटे गेम्स में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है वैभव ने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी सफलता प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है वैभव की इस सफलता पर क्षेत्रीय लोगो ने उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है।

## भगवान परशुराम ने अन्याय के विरुद्ध उठाया था शस्त्र: डा0 एसपी पटेल

### मानधाता विधान सभा क्षेत्र के दर्जनों गांव में इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी ने की सभा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने सभी को परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया की शुभकामना देते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय के विरूद्ध शस्त्र उठाया। इस दौरान उन्होंने आयोजित सभा में कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। वहीं मांधाता में इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में शुक्रवार को पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने जिले के मान्धाता, नौवापुर, पीतईपुर, खूजी, बड़ी हंसी पेट्रोल पंप के सामने, सोभीपुर, छतौना ,नूरपुर, बन्तरी, पल्हान औसा सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की।

इसी के साथ सपा नेत्री मांधाता क्षेत्र में आयोजित जनसभाओं में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि इन दिनों प्रतापगढ़ के मेडिकल कॉलेज के लोग ब्लड के अभाव में परेशान हो रहे हैं। यहां स्थित ब्लैड बैंक में ब्लड का अभाव चल रहा हैं, जिस पर जिम्मेदार मौन है। उन्होंने स्वास्थ्य महकमे की खराब चली रही दशा पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रतापगढ़ में 29 सीएचसी और 56 पीएचसी का संचालन हो रहा है परंतु उनमें छोटे बच्चों के इलाज की व्यवस्था नहीं और एकमात्र महिला अस्पताल में 15 बेड का एसएनसीयू है, यह स्थिति हमारे प्रतापगढ़ में स्वास्थ्य की है। जनसभा के उपरांत उन्होंने गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के बूढ़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए सपा सरकार के कार्यकाल में किये गये विकास को गिनाया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, डॉक्टर सलीम, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे, रमेश पाठक, महेंद्र दुबे, विद्याधर दुबे, विधानसभा अध्यक्ष अहमद अली, दीपक पटेल, मोहम्मद हाशिम, दीपक यादव, राहुल सिंह, समर बहादुर सरोज, केके पाल, प्रदीप सरोज राहुल कुमार प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।



अक्षय तृतीया पर मंदिर में दर्शन पूजन करते डा0 एसपी पटेल।

### वैवाहिक कार्यक्रम में बधाई संदेश को गए किन्नरों से मारपीट

#### शिकायत पर मामले की जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में वैवाहिक कार्यक्रम में बधाई संदेश को गए किन्नरों के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। मिली तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के लालगंज कुटी गांव में वैवाहिक कार्यक्रम में बधाई संदेश गाने के लिए गए किन्नर के साथ मारपीट की गई जिससे कई किन्नर घायल हो गए। घायलों ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के सधईपुर मोहल्ले में किन्नरों का समुदाय रहता है।

आरोप है कि शुक्रवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के लालगंज कुटी पर गांव के ही एक व्यक्ति की बारात आई थी। बधाई संदेश को पहुंचे किन्नर करीब दो घंटे तक गाना बजाना कर बधाई संदेश दे रहे थे। इसी बीच अचानक कुछ लोगों ने किन्नरों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया गया। आरोप लगाया है कि इस दौरान उनके साथ अभद्रता की गई। घायल किन्नरों ने मामले की शिकायत अपने धर्म गुरु के साथ लेकर पट्टी कोतवाली पहुंचे जहां पर किन्नरों के धर्म गुरु सूबेदार ने आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दे की मारपीट की इस घटना में पूजा किन्नर, करीना किन्नर, झूमर किन्नर रुबिया किन्नर को चोटें आई हैं। मामले में कोतवाल आलोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# परशुराम वंशजों की एकता भारत के स्वर्णिम भविष्य की नींव

**सराय अकिल में निकली भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा, हजारों की संख्या में मौजूद रहे लोग, डीआईजी जुगल किशोर त्रिपाठी, सर्वण आर्मी के अध्यक्ष सर्वेश पांडे और ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया सम्बोधित**

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** भगवान श्री राम के वंशजों का संगठित समाज और समाज का मजबूत प्रादुर्भाव भारत देश के स्वर्णिम भविष्य की नींव है। आज जिस तरीके से हजारों हजार की संख्या में ब्राह्मण समाज और सवर्ण समाज के लोगों ने अपनी एकता को दिखाते हुए भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली है। वह दिखता है कि आने वाले दिनों में यह समाज संगठित होकर भारत देश को एक नई दिशा और ऊर्जा देने का काम करेगा। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश डीआईजी जुगल किशोर त्रिपाठी ने कही। इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता सर्वण आर्मी के अध्यक्ष सर्वेश पांडे ने कहा कि आज प्रजातंत्र के इस दौर में जो समाज संगठित है इस समाज को सबसे ज्यादा वरीयता दी जाती है ऐसे में स्वर्ण समाज को भी एकजुट होकर अपने हितों के लिए लड़ाई लड़ने के लिए आगे आना होगा। इस मौके पर ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहां की आज जिस तरीके से ब्राह्मण समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए भगवान श्री राम परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली है और इस शोभा यात्रा में 10 हज़ार से अधिक लोग शामिल दिखाई दे रहे हैं जो तय करता है कि आने वाले दिनों में जिले में ब्राह्मण समाज अपनी ताकत के साथ खड़ा होगा। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन अभियान चलाकर समाज को एकत्रित करने का काम कर रहा है यही नहीं समाज को शिक्षित और संस्कृत बनाने के लिए भी संगठन कई आयामों में काम कर रहा है। शोभा यात्रा चित्तापुर सराय अकिल से निकलकर करन चौराहा, हनुमान मंदिर चंद्रशेखर पार्क, पटेल चौराहा, बस अड्डा होते हुए फकीराबाद चौराहा से अशोक तिवारी आदिल पुरी डिग्री कॉलेज चित्तापुर में जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर प्रमुख रूप से पंडित पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के पुत्र वैभव करवरिया, मानिकपुर विधायक प्रतिनिधि विकास चंद्र द्विवेदी उर्फ पिंटू द्विवेदी, धर्मेंद्र पांडे, सोनू पांडे, रूपेश त्रिपाठी, केडी आयोजक परशुराम यात्रा के अभिषेक पांडे व उनकी पूरी टीम सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद बालक के शव को कब्र से निकाल कर हुआ पोस्टमार्टम

**छः दिन पूर्व बालक की तालाब में डूब कर हुई थी मौत,लाश को जबरन दफनाने का परिवार के चाचा पर लगाया आरोप**



**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के अगियौना गांव में बीते शनिवार को तालाब में शिवम की मौत के मामले में परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है।जिस पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर करारी पुलिस ने शव को कब्र से निकाल कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को पोस्ट मार्टम कर शव को फिर से अंतिम संस्कार कर दिया। करारी पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला साफ हो पायेगा। करारी थाना क्षेत्र के अगियौना गांव में शनिवार को बालक शिवम अपने साथियों के साथ तालाब की तरफ नहाने गया था।जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में शिवम डूब गया था। और उसके साथी वहां से फरार हो गए परिजन के काफी खोजबीन के बाद शिवम के शव को तालाब से निकाला गया।आनन – फानन में परिवारजनों के दबाव में अंतिम संस्कार कर दिया गया था।उसके बाद मृतक शिवम के परिजनों ने करारी थाने में तहरीर देते हुए शिवम के शव को पुनः निकालकर पोस्टमार्टम करने की मांग की थी।और परिवार के चाचा पर शिवम को मारकर तालाब में फेक देने की बात की थी। मामले में करारी थाना प्रभारी ने जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति मांगी और बृहस्पतिवार को नायाब तहसीलदार वा थाना प्रभारी की मौजूदगी में शव को कब्र बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम कराया गया।पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को पुनःउसी कब्र में शिवम के शव को दफना दिया गया। मामले में अधिकारियों ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ होगा।

## कौशाम्बी में वन स्टॉप सेंटर से तीन लड़कियों के फरार होने से मचा रहा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**फरार हुई तीनो लड़कियो को पुलिस ने प्रयागराज से किया बरामद, बालिकाओं के गायब होने में किसने लापरवाही की किसकी साठगांठ से बालिकाएं भगाई गई**




**कौशाम्बी।** जिले में वन स्टॉप सेंटर से पीड़ित तीन लड़कियों के फिर फरार होने से हड़कंप मच गया,लड़कियों के फरार होने की सूचना पर पहुंची पुलिस और जिला प्रोबेशन विभाग जांच में जुट गए है इसके पहले भी वन स्टाफ सेंटर से लड़कियां फरार हो चुकी हैं जिम्मेदारों द्वारा बड़ी लापरवाही की जा रही है जिससे आए दिन घटनाएं हो रही है लेकिन जिम्मेदारों की भूमिका पर जांच नहीं हो पाती कार्रवाई नहीं हो पाती मामले को लीपा पोती कर दोषियों की फाइल बन्द कर दिया जाता है जिससे गुनहगार दंड पाने से बच जाते हैं बालिकाओं के फरार होने के मामले के गुनहगारों को चिन्हित करता होगा और उन्हें कड़े दंड देना होगा जिससे घटना की पुनरावृत्ति ना हो जिला अस्पताल में संचालित वन स्टॉप सेंटर मंझनपुर से सुबह पीड़ित तीन लड़कियों के फरार हो जाने से हड़कंप गया,पुलिस की निगरानी मे सभी पीड़ित लड़किया वन स्टॉप सेंटर पर सुरक्षा में रखी गई थी जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है रेप पीड़िता लड़कियों को सखी वन स्टॉप सेंटर मे पुलिस की सुरक्षा में रखा जाता है। लेकिन उसके बाद बालिकाओं के फरार हो जाने के बाद तमाम सवाल खड़े हो जाते हैं लड़कियों के गायब होने की सूचना पर पुलिस ने लड़कियों की तलाश शुरू की तो वह प्रयागराज से बरामद कर ली गई है सवाल उठता है कि वन स्टॉप सेंटर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है ड्यूटी पर तैनात लोगों ने आखिर इतनी बडी क्यों लापरवाही की है बालिकाओं का बरामद हो जाना ही पुलिस की सफलता नहीं है इन बालिकाओं के गायब होने में किसने लापरवाही की है किसकी साठगांठ से बालिकाएं भगाई गई है उसे दंडित किया जाना न्याय हित में होगा लेकिन लापरवाही करने वाले को 10 घण्टे बाद भी अधिकारी जांच कर चिन्हित नहीं कर पाए हैं बीते घटना की तरह इस बार भी दोषियों को बचाने का पूरा प्रयास शुरू हो गया है सीओ मंझनपुर अभिषेक सिंह ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर से तीन लड़किया बिना किसी को बताए चली गई थी,एसपी ने कई टीमों का गठन कर लड़कियों की तलाश शुरू की तो तीनों लड़किया प्रयागराज से बरामद कर ली गई है,लड़कियों से पूछताछ की जा रही है,जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्यवाई की जायेगी

## मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा पोलिंग पार्टी के समस्त मतदान कार्मिकों को सामान्य, ई0वी0एम0, एम0पी0एस0 एप्प एवं वेबकास्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया तथा समस्त पोलिंग पार्टी के पीठासीन अधिकारी के मोबाइल में एमपीएस ऐप को इंस्टॉल भी कराया गया। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/दायित्व की विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था, वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप मे समय-समय पर दी जाने वाली सूचनाओं की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए पूरी ऐप पर किये जाने वाले समस्त कार्यों को डेमो वीडियो के माध्यम से भी प्रदर्शित कर अवगत कराया गया ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार द्वारा मतदान केंद्र पर होने वाली वेबकास्टिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसमे लगे कैमरा के एंगल एवं सावधानियों के विषय मे बताया इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सभी विधानसभाओ में बीएलओ द्वारा किया जा रहा मतदाता सूचना पर्ची का वितरण

**कौशाम्बी** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने जनपद के मतदाताओं को सूचित किया है कि जनपद के सभी विधानसभाओं में बी0एल0ओ0 द्वारा आज दिनांक 10 मई 2024 से घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता गाइड का वितरण प्रारम्भ कर दिया गया हैं। बी0एल0ओ0 द्वारा 15 मई 2024 तक मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता गाइड का वितरण कार्य पूर्ण कर लिया जायेंगा। मतदाता सूचना पर्ची प्रत्येक मतदाता एवं मतदाता गाइड प्रत्येक परिवार को दिया जायेंगा। जनपद के मतदाता अपने बी0एल0ओ0 से इस सम्बन्ध में सम्पर्क कर सकतें हैं। उन्होंने जनपद के मतदाताओं से अपील की है कि 20 मई 2024 को मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतन्त्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी अवशय निभायें।

## मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

**अनुपस्थित 08 कार्मिकों को 11 मई को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश**

**कौशाम्बी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए शुक्रवार को मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण एम0वी0 कान्वेन्ट स्कूल एण्ड कालेज, ओसा में दो पलियों में (प्रातः 09:00 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं अपरान्ह 02 बजे से 05 बजे तक) सामान्य एवं ई0वी0एम0 प्रशिक्षण कुल प्रथम पाली में 800 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 800 कार्मिकों को कुल 1600 कार्मिकों को सामान्य एवं ई0वी0एम0 हैण्डस आन से प्रशिक्षित किया गया, जिसमें से पार्टी संख्या 233 दिनेश सिंह खजाची, इलाहाबाद डिस्ट्रिक क्षापरेटिव बैंक मंझनपुर द्वितीय मतदान अधिकारी, पार्टी संख्या 280 सचिन कुमार सिंह खजाची, इलाहाबाद डिस्ट्रिक को-आपरेटिव बैंक मंझनपुर द्वितीय मतदान अधिकारी, पार्टी संख्या 338 सुश्री सुमन शुक्ला स्वास्थ्य कार्यकत्री प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा द्वितीय मतदान अधिकारी, पार्टी संख्या 345 दिलीप कुमार पाण्डेय, आंकिक सहायक सहकारी बैंक मंझनपुर द्वितीय मतदान अधिकारी, पार्टी संख्या 205 तृतीय मतदान अधिकारी हंसराज सफाई कर्मी सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) चायल, पार्टी संख्या 206 तृतीय मतदान अधिकारी जय करन सिंह चतुर्थ श्रेणी कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, कौशाम्बी, पार्टी संख्या 209 तृतीय मतदान अधिकारी सुभाष बेलदार कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, कौशाम्बी तथा पार्टी संख्या 228 तृतीय मतदान अधिकारी दुर्गा प्रसाद मेठ कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, कौशाम्बी प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये गये। इस सम्बन्ध में डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी प्रभारी अधिकारी कार्मिक-प्रशिक्षण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि उक्त अनुपस्थित 08 कार्मिक दिनांक 11 मई, 2024 को प्रशिक्षण स्थल पर आकर प्रशिक्षण लें। अन्यथा की स्थिति में यदि दिनांक 11 मई, 2024 को प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करते हैं तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## पिता ने भी माना महिला ने संपार्कियो के साथ मिलकर की थी उनके बेटे की हत्या

**पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धारा में भेजा है जेल**



**कौशाम्बी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव में 5 मई को राजकुमार यादव की मौत में नए खुलासे हुए हैं राजकुमार यादव का शव उसके पड़ोस में रहने वाली एक विवाहिता महिला के घर डोरी से बंधा मिला था और मृतक के दोनों पैर जमीन पर टिके हुए थे लोगों का कहना था कि विवाहिता महिला से राजकुमार का प्रेम प्रसंग चल रहा है और विवाहिता महिला राजकुमार यादव को ब्लैकमेल कर रही थी जिससे राजकुमार यादव ने आत्महत्या कर लिया है लेकिन पहले दिन से ही राजकुमार के आत्महत्या पर सवाल खड़े होने लगे थे उसके दोनों पैर जमीन पर टिके हुए थे घटनास्थल की स्थिति आत्महत्या से इनकार कर रही थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने उसको सार्वजनिक नहीं किया और राजकुमार के संपर्क में रहने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर आईपीसी की धारा 306 आत्महत्या के लिए प्रेरित करने में जेल भेज दिया लेकिन मृतक युवक राजकुमार के पिता छेदीलाल को पुत्र के आत्महत्या की बात हजम नहीं हुई उन्होंने जब मामले में रिश्तेदार परिचित और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू किया तो मालूम हुआ कि 5 मई की रात्रि में महिला के घर जब राजकुमार की लाश मिली थी तो उस रात में महिला के घर कई अन्य संपरकी भी पहुंचे थे जो महिला के संपरकी बताए जाते हैं मौके की स्थिति और महिला के घर अनजान लोगों का पहुंचना आत्महत्या से इनकार कर रहा है लेकिन पुलिस ने अपनी विवेचना में गंभीरता नहीं दिखाई आनन फानन में राजकुमार की मौत को आत्महत्या मानकर महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इस मामले में थाना पुलिस ने परिस्थिति जन्य साक्ष्य और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आसपास के लोगों के बयान को गंभीरता से लिया होता तो राजकुमार की मौत से सच्चाई का पर्दा उठ जाता राजकुमार के पिता छेदीलाल ने पुलिस अधीक्षक समेत मुख्यमंत्री वा अन्य पुलिस अधिकारियों को पत्र भेजकर बेटे की मौत को आत्महत्या से हत्या में तरमीन करने का अनुरोध किया है

### अपराधियों का गढ़ है कोटिया गांव

**कौशांबी** सराय अकिल थाना का कोटिया गांव अपराधियों का गढ़ माना जाता है जिस महिला के घर राजकुमार यादव की मौत हुई है उस महिला और उसके पति और उसके परिवार के लोगों के अपराधियों से गहरे संबंध है कई अपराधी महिला और उसके पति के रिश्तेदार भी बताए जाते हैं उस रात उनका आना-जाना भी महिला के घर हुआ था इन अपराधियों के नाम कई हत्या के मुकदमे पहले से भी दर्ज हैं जिनका मुकदमा अदालत में बिचाराधीन है

## जिनकी ड्यूटी मतदान कार्मिक के रूप में जनपद कौशाम्बी में लगी हैं, वे इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट करें प्राप्त

**कौशाम्बी** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने अवगत कराया है कि जो मतदान कार्मिक, कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र के मतदाता हैं एवं जनपद कौशाम्बी में उनकी मतदान कार्मिक के रूप में ड्यूटी लगी हैं, वे वोटर फैसिलिटी सेन्टर एम0वी0 कान्वेण्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा एवं कलेक्ट्रेट, मंझनपुर में फार्म-12क भरकर जमा कर दें एवं इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ई0डी0सी0) प्राप्त कर लें। इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट से मतदान दिवस 20 मई को अपने ड्यूटी वाले मतदान केन्द्र में मतदान कर सकतें हैं। कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र के वे मतदाता, जिनकी फतेहपुर, चित्रकूट या किसी अन्य जनपद में मतदान कार्मिक के रूप में ड्यूटी लगी हैं एवं उस जनपद में भी 20 मई को मतदान होना हैं, वे नियुक्ति आदेश की प्रति एवं मतदाता पहचान-पत्र की प्रति संलग्न कर फार्म-12 भरते हुए जनपद कौशाम्बी के कलेक्ट्रेट,मंझनपुर कक्ष संख्या-03, न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट तथा एम0वी0 कान्वेण्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में बनाये गये वोटर फैसिलिटी सेन्टर में दिनांक 10 मई से 13 मई 2024 तक प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कर सकतें हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी अवगत कराया है कि वे मतदान कार्मिक जिनकी ड्यूटी जनपद कौशाम्बी में लगी हैं तथा वे जनपद फतेहपुर या किसी अन्य जनपद के मतदाता हैं एवं उस जनपद में भी 20 मई को ही मतदान होना हैं, वे अपने गृह जनपद में द्वितीय प्रशिक्षण की अवधि में बनाये गये वोटर फैसिलिटी सेन्टर में जाकर पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान कर सकतें हैं।




**कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र के वे मतदाता, जिनकी ड्यूटी मतदान कार्मिक के रूप में फतेहपुर या अन्य किसी जनपद में लगी है, वें न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी में स्थापित वोटर फैसिलिटी सेन्टर में पोस्टल बैलट के माध्यम से कर सकतें हैं मतदान**

## न्यूज झरोखा

### सड़क के गुणवत्ता की 5 वर्ष की गारंटी एक वर्ष में हो गई खराब



**अषाढा कौशाम्बी** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के अषाढा चौराहा से बैशकंटी मार्ग बनने के एक वर्ष में ही खराब होने लगी है सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं पुलिया टूट गई है जिससे दुर्घटनाएं होती हैं जबकि सड़क के गुणवत्ता की 5 वर्ष की जिम्मेदारी ठेकेदार को दी गई थी जो उनकी शर्त में विभाग की लिखा पढ़ी भी है सड़क पर गड्ढे हो जाने पुलिया टूट जाने के बाद ठेकेदार से सड़क की मरम्मत कराए जाने पुलिया बनाए जाने का प्रयास विभाग के अधिकारियों ने अभी तक नही किया है ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करने और उस पर कार्यवाही का प्रयास भी विभाग ने नहीं शुरू किया है जिससे विभाग में गुणवत्तापूर्ण कराए जा रहे कार्यों का अंदाजा लगाया जा सकता है विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद अषाढा गांव में कई महीने से पुलिया टूटी हुई है इस पुलिया का निर्माण 2022-23 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत किया गया है विभागीय साठगांठ के चलते ठेकेदार घटिया निर्माण करने में सफल हुआ था जिसका नतीजा यह है कि एक साल के अंदर पुलिया और रोड गड्ढों में तब्दील हो गई है जबकि सड़क के मबबूती की गारंटी 5 साल की होती है घटिया सामग्री लगाकर ठेकेदार ने निर्माण कर खजाने से रकम निकाल कर गायब हो गया आए दिन लोग सड़क में बने गड्ढो में गिरकर चोटहिल हो रहे हैं. लेकिन विभागीय अधिकारी सड़क की मरम्मत करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

### पैदल घर जा रहा व्यक्ति सड़क हादसे में घायल



**कौशांबी** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा के रहने वाले शुभम उम्र 28 वर्ष पुत्र जयलाल शुक्रवार को टेडीमोड बाजार गए थे जहां से वह वापस पैदल अपने गांव वापस लौट रहे थे जैसे ही शुभम दारानगर मजार के पास पहुंचे किसी वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे शुभम सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर घायल हो गए हैं आसपास से गुजर रहे ग्रामीणों ने मामले की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस कर्मियों ने घायल शुभम को सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने शुभम को इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जाती है मामले की सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन समेत फरार हो गया है

### धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**महेवाघाट कौशाम्बी** सरसवां ब्लाक के महेवाघाट में शुक्रवार को परशुराम जयंती का कार्यक्रम हुआ।भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को हुआ था। इस दिन अक्षय तृतीया भी मनाई जाती है। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति की क्षति नहीं होती थी। जन्मोत्सव कार्यक्रम में पांच विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजन हवन कार्यक्रम किया गया।इस दौरान छोटू द्विवेदी, अनुपम त्रिपाठी, अमित पाण्डेय, आयुष द्विवेदी सहित तमान लोग मौजूद रहे।

### भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन




**भरवारी कौशाम्बी** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी में 09 मई को आगामी लोकसभा चुनावों में वोटों की महत्ता एवं एक एक वोट देश के विकाश में कितना महत्वपूर्ण है इसी उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन विद्याश्रम के छात्रों द्वारा किया गया जिसमे प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में समस्त नागरिकों से पहले मतदान फिर जलपान करने की अपील करते हुए बताया कि मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है इसलिए हर एक नागरिक मतदान कर देश के विकाश में अपना अहम योगदान दे सकता है।उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में वोट करने के लिए अपील किया।देश के विकाश में मतदान कैसे और क्यों आवशयक है ये बात छात्रों द्वारा पोस्टर बैनर के माध्यम से अनेक प्रकार के स्लोगन लिखकर लोगों से अपील किया गया।निदेशक संदीप सक्सेना एवं समस्त अध्यापकों ने भी लोगो से वोट करने एवं वोटों की प्रति जागरूकता फैलाने की अपील किया।

### चाकवन चौराहे पर वाहनों की पुलिस टीम ने की चेकिंग



**कोखराज कौशाम्बी** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों को रोक कर चेकिंग किया गया और गाड़ी के कागजात की जाँच किया इस दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों से कहा कि वह नियमों के अनुसार वाहन को चलाएं हेलमेट जरूर लगाए और भीड़भाड़ वाले स्थान पर वाहन की गति को नियंत्रित करें जिससे दुर्घटना से बचा जा सके

### सक्षम युवा विकास फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत कोसम इनाम के बड़ा गढ़वा में मतदाता जागरूकता अभियान और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जिसमे मुख्य अतिथि तरुण तिवारी रहे मुख्य अतिथि ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा मत आप सभी का अधिकार है। इसे कदापि बेकार न जाने दें लोकतंत्र के उत्सव में बढ़ चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया गया। इस दौरान वृद्ध हों या महिलाएं अथवा युवा, सभी ने 20 मई को बूथ पर जाकर वोट देने का वादा किया। हर वोट मूल्यवान है। इसकी समझ हर वोटर को है। ऐसे में सभी अपना वोट डालने के प्रति सजग हैं। मैं खुद युवा हूं।और युवाओं से साथ साथ महिलाओं और वृद्ध,युवा सभी इस महा समर में अपना मत देकर इस महा पर्व को सफल बनाएं उसके बाद सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार उर्फ राजू केशरवानी ने लोगों को शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रोहित मिश्र,कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि,मंत्री कलीम हसन,सदस्यता प्रभारी शिवदयाल प्रजापति ,अजय निषाद,सुधीर सिंह,चंद्र शेखर उपाधयाय,हरी लाल,शुभम दुबे,हरिशंद्र, रोहित पाण्डेय, नरेंद्र, वीरेंद्र, अवधेश प्रजापति सहित तमाम युवा मौजूद रहे

## संपादक की कलम से

### प्रेम त्याग व ममता की मूर्ति होती है मां

दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 12 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा।

मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे) के रूप में मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है।

मां को संस्कृत में मातर: कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता हैं। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई।

हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी।

वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।

**नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गति:।**
**नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।**

यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है, माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है।

भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। ह्यमदर्स डेह्न मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है।

मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। इसका वर्णन शब्दों मे करना नामुमकिन है। मां वो है जो न सिर्फ हमे जन्म देती है बल्कि हमे जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां भगवान का जीता जागता स्वरूप है। मां खुले दिल से अपने बच्चो का भरपूर ख्याल रखती है। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे मे भी सिर्फ अपने बच्चो की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है।

## हाईकोर्ट : शादीशुदा मुसलमान को 'लिव-इन' में रहने का अधिकार नहीं

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर अहम फैसला सुनाया है. बेंच ने कहा है कि इस्लाम धर्म मानने वाले व्यक्ति को पत्नी के जिंदा रहते लिव-इन संबंध में रहने का अधिकार नहीं है.

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया कि कोई भी विवाहित मुसलमान लिव-इन संबंध में रहने के अधिकार का दावा नहीं कर सकता क्योंकि इस्लाम के नियमों के तहत इसकी इजाजत नहीं है.

बेंच ने कहा, "इस्लामिक मत इस बात की इजाजत नहीं देता कि कोई मुस्लिम व्यक्ति अपने निकाह के बने रहते दूसरी महिला के साथ रहे. अगर दो व्यक्ति अविवाहित हैं और वयस्क हैं तो वह अपने तरीके से अपना जीवन जीना चुनते हैं."

**पुलिस सुरक्षा की थी मांग**

जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने यह आदेश बहराइच जिले की निवासी याचिकाकर्ता स्नेहा देवी और शादीशुदा मुस्लिम व्यक्ति मुहम्मद शादाब खान की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया.

याचिकाकताओं ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के दौरान सुरक्षा की मांग की थी. याचिकाकताओं ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के दौरान स्नेहा देवी के माता-पिता ने खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. उन्होंने खान पर स्नेहा देवी का अपहरण करने और उससे शादी करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था.

खान और स्नेहा देवी ने यह दावा करते हुए अपने जीवन और स्वतंत्रता के लिए सुरक्षा की भी मांग की कि वे वयस्क हैं और सुप्रीम कोर्ट के अनुसार लिव-इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने के लिए स्वतंत्र हैं.

**"इस्लाम में नहीं इजाजत"**

बाद में आगे की जांच में पता चला कि खान की 2020 में ही शादी हो चुकी थी और वह एक बच्चे का पिता भी है. इस तथ्य पर विचार करते हुए अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर उन्हें पुलिस सुरक्षा देने से इनकार कर दिया. बेंच ने कहा कि इस्लाम ऐसे रिश्ते की इजाजत नहीं देता, खासकर मौजूदा मामले की परिस्थितियों में.

दोनों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा की भी मांग की थी, जो जीवन की सुरक्षा के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वतंत्रता की भी अनुमति देता है, लेकिन अदालत ने अपने आदेश में कहा कि रूढ़ियां और प्रथाएं भी विधि के समान हैं.

अदालत ने कहा संविधान का अनुच्छेद 21 ऐसे रिश्ते के अधिकार को मान्यता नहीं देता जो रूढ़ियों व प्रथाओं से प्रतिबंधित हो. इन टिप्पणियों के साथ अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता स्नेहा देवी को सुरक्षा में उसके माता-पिता के पास पहुंचा दिया जाए.

# प्रेम का आदि उद्गम स्थल है मातृत्व

-ललित गर्ग-



मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का वैश्विक उत्सव है जो माताओं और मातृतुल्य विभूतियों का सम्मान करता है, माताओं के द्वारा अपनी संतान, परिवार और समाज के लिए उनके बलिदान, अमूल्य योगदान और समर्पण को याद करने, सम्मान देने एवं पूजने का पवित्र दिन है। मातृत्व दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस अन्ना जार्विस द्वारा स्थापित किया गया था, जो उनकी अपनी मां के मानवीय कार्यों के प्रति समर्पण से प्रेरित था, 1914 में राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में नामित किया, जिसे बाद में अन्य देशों ने अपनाया। मां के उपकार इतने बड़े है कि इंसान अगर पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दे तो मां के ऋण से उऋण नहीं हो सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं।

विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद तीन-चार दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। ह्यमांह्न शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है।

हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था मेरे जीवन का जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।ह्न एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं।

अब्राहम लिंकन का मां के बारे में मार्मिक कथन है कि जो भी मैं हूँ, या होने की उम्मीद है, मैं उसके लिए अपने प्यारी माँ का कर्जदार हूँ। किसी औलाद के लिए ह्यमाँह्न शब्द का मतलब सिर्फ पुकारने या फिर संबोधित करने से ही नहीं होता बल्कि उसके लिए माँ शब्द में ही सारी दुनिया बसती है, दूसरी ओर संतान की खुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है। क्या कभी आपने सोचा है कि ठोकर लगने पर या मुसीबत की घड़ी में माँ ही क्यों याद आती है क्योंकि वो माँ ही होती है जो हमें तब से जानती है जब हम अजन्में होते हैं। बचपन में हमारा रातों का जागना, जिस वजह से कई रातों तक माँ सो भी नहीं पाती थी। वह गिले में सोती और हमें सूखे में सुलाती। जितना माँ ने हमारे लिए किया है उतना कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। जाहिर है माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक सदी, कई सदियां भी कम है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली जीवन-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ आधुनिक बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी।

मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरन् सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। किन्तु त्याग की यह चरमता ही मां अर्थात नारी जाति की शत्रु बन गयी। समाज पुरुष प्रधान होता गया और नारी का अवमूल्यन होता गया। धीरे-धीरे वह पुरुष की उपभोग्या, उसके ह्यचरणों की दासीह्न बनकर रह गयी। शिक्षा-आत्मसम्मान वंचिता दासी की संतति महान कैसे हो सकती है? उसमें तो दास सुलभ चारित्रिक प्रवृत्तियां आएंगी ही। अतः नारी के अवमूल्यन के साथ-साथ पुरुष जाति का नैतिक अध:पतन होता गया।

मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है।

मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है। इसलिए यह आवश्यक है कि मातृत्व के भाव पर नारी मन पर किसी दूसरे भाव का असर न आए। जैसाकि आज कन्याभ्रूणों की हत्या का जो सिलसिला बढ़ रहा है, वह नारी-शोषण का आधुनिक वैज्ञानिक रूप हैं तथा उसके लिए मातृत्व ही जिम्मेदार है। कन्याभ्रूणों की हत्या एक ओर मनुष्य को नृशंस करार दे रही है, तो दूसरी ओर स्त्रियों की संख्या में भारी कमी मानविकी पर्यावरण में भारी असंतुलन उत्पन्न कर रही है। अन्तर्राष्ट्रीय मातृ-दिवस को मनाते हुए मातृ-महिमा पर छा रहे ऐसे अनेक धुंधलों को मिटाना जरूरी है, तभी इस दिवस की सार्थकता है।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज,**
**दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# हजारों घायल वन्य जीवों का इलाज कर चुके हैं पीरा राम

## पशु प्रेम की कायम की अनूठी मिसाल, बाघ, हिरण उनकी गोद में खाते हैं खाना

**हेमलता म्हस्के**
**(वरिष्ठ पत्रकार)**




यह सच है कि मौजूदा दौर में दुनिया भर में तथाकथित विकास का जो ढांचा विकसित हो रहा है उसके कारण लोगों में हिंसा बढ़ रही है और इस बढ़ती हुई हिंसा के कारण पर्यावरण और जैव विविधता पर भी संकट बढ़ गया है। मानव की प्रवृत्तियों में जीव जंतु सहित वनस्पति जगत के प्रति भी क्रूरता बढ़ रही है। जबकि यह संसार अकेले केवल मनुष्य के लिए कभी भी नहीं रहा है। इस धरती पर सदियों से संसार का जो स्वरूप रहा है उसमे सिर्फ मनुष्य मात्र का अस्तित्व नहीं रहा है बल्कि मनुष्य के साथ साथ जीवजंतुओं और पेड़ पौधों का भी अस्तित्व रहा है। यह संसार इन सब की साझा संस्कृति का आधार रहा है।

राजस्थान के जालोर जिले के पीरा राम घायल पिछले दो दशकों में देश और दुनिया के लिए वे एक ऐसे अद्भुत मिसाल बन गए हैं यह पाठ समझने के लिए कि यह संसार सिर्फ मनुष्यों के लिए नहीं है। हमारे दिल में जीव जंतुओं और वनस्पति जगत के लिए भी करुणा होनी चाहिए। क्योंकि पीरा राम घायल एक तरफ जीव जंतुओं के कल्याण के लिए अनथक काम कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ जंगलों के विकास के लिए निरंतर अनगिनत पेड़ पौधे भी लगा रहे हैं। पीरा राम घायल के ऐसे अनूठे और अनुपम काम की खुशबू अब राजस्थान की सीमा से बाहर निकल कर दुनिया भर में फैल रही है। वे अपने काम से यह संदेश भी दे रहे हैं कि यह दुनिया सभी के लिए है और सभी को सभी के हित में सोचना और काम करना चाहिए। पीरा राम के जीवन और काम को देखें तो यह भी समझ में आती है कि बेहतर काम के लिए न किसी से प्रेरणा लेने की जरूरत होती है और न ही बहुत सी दौलत की। और यह भी कि बेहतर काम को अंजाम देने के लिए बहुत पढ़ा लिखा होना भी जरूरी नहीं है। सबसे ज्यादा जरूरत है करुणा से भरे एक हृदय की, जो बेजुबानों के दर्द को समझ सके।

अपनी इसी करुणा का विस्तार कर पीरा राम घायल ने चकित कर देने वाली ऐसी उपलब्धि हासिल कर ली है जो विरलों को ही नसीब हो पाती है। जहां वन्य प्राणियों के सामने आने मात्र से लोग घबरा जाते है लेकिन पीरा राम के लिए न घबराने वाली बात है और न डरने की। हिरण हो या शेर का बच्चाह्न्पीरा राम की एक आवाज पर सभी दौड़कर इनकी गोद में आकर बैठ जाते हैं। हिरण समेत दूसरे जानवरों से इनकी दोस्ती ऐसी है कि वे उनको गोद में बैठाकर खाना खिलाते हैं। लेकिन, बेजुबानों के साथ इस दोस्ती के पीछे की कहानी दिल को छू लेने वाली है।

पहले

पीराराम सीआरपीएफ में जालंधर में नियुक्त थे। नौकरी छोड़कर अपने गांव देवड़ा आ गए। यहां पंक्चर बनाने की दुकान खोली, जो उनके गांव से 40 किमी दूर सांचौर में स्थित थी। पीराराम को उस समय जंगल के रास्ते से जाना पड़ता था। एक दिन उनके सामने बंदरों का झुंड सड़क पार करते समय बाइक से टकरा गया और एक बंदरिया की मौत हो गई। बस इस घटना के बाद से एक नए पीरा राम का जन्म हुआ।

कुछ और नहीं, बस एक जिद, एक जुनून और बेजुबानों के दर्द को समझने का एक जज्बा ही है जिससे पीरा राम जैसी हस्ती का निर्माण हुआ। बेजुबानों के हमदर्द बनने के बाद पीराराम विश्नोई की दुनिया ही बदल गई। करीब 25 साल पहले पीराराम की बेजुबानों के लिए की गई पहल आज चर्चा का विषय बन गई है। इन जानवरों के लिए बहुत प्रयास के बाद कोई सरकारी जमीन नही मिली तो उन्होंने घायल बेजुबान जानवरो के लिए अपनी ही 25 बीघा जमीन पर आश्रय स्थल बना दिया। जहां जंगली जानवरों का रेस्क्यू करना, उनका इलाज करना उनकी जिंदगी का हिस्सा बन गया। देवड़ा गांव अब जानवरों के लिए एक ऐसा आश्रय स्थल बन गया है जहां वन्य जीव बेखौफ रहते हैं। यहां जख्मी जानवरों का इलाज और भूखे जानवरों को भरपेट खाना मिलता है। वे अब तक 3500 जानवरों का रेस्क्यू कर चुके हैं। घायल हिरणों के इलाज से पीराराम ने अपने काम की शुरूआत की थी और अब देखते ही देखते ढाई सौ किलोमीटर के इलाके में पीराराम धायल का सेंटर जख्मी जानवरों के लिए एकमात्र सहारा बन गया। उन्होंने वन्य जीवों के बचाव के लिए रेस्क्यू सेंटर खोलकर अब तक 3250 वन्य जीवों को बचाकर उनको आगे का जीवन जीने लायक बनाया है।

रेस्क्यू सेंटर खोलने के बाद में 2250 हरिण, 260 मोर, 600 नीलगाय, 5 कुरजा, 42 बन्दर, 60 खरगोश, 4 कबर बिज्जु, 6 सैही, 2 उल्लू व 5 बाज को रेस्क्यू कर जान बचा चुके हैं।

पीरा राम बताते हैं कि

धरती पर मानव के साथ जन्म लेने वाले सभी जीवों को जीने का अधिकार हैं। कई बार मूक प्राणियों के अधिकारों का हनन होने से जीवन संकट को देखते हुए हमने सेवा करना शुरू किया हैं। मैं मूक प्राणियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं।

पीरा राम बताते हैं कि उनके काम को बहुत सराहना मिल रही है। कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरुस्कार भी मिल चुके हैं लेकिन अपनी जमीन पर जानवरों के लिए जो आश्रय स्थल बनाया है वहां छत नहीं होने से जानवरों को ठंड, गर्मी और बरसात के दिनों में बहुत मुश्किल होती है। वे घायल जानवरों के इलाज, दवा और भोजन का प्रबंध अपनी कमाई और विभिन्न समुदायों से मिले सहयोग से कर लेते हैं लेकिन उन्हें इंतजार रहता है की उन्हें सभी से पर्याप्त मदद मिले। उन्होंने बाकायदा एक संस्था भी बनाई है जिसके जरिए से वे जानवरों की सेवा के सभी तरह के प्रबंध करने की कोशिश में जुटे हैं।

## हर चरण के मतदान के साथ बढ़ी है आरएसएस और भाजपा के बीच दरार

**- अरुण श्रीवास्तव**

असम में सबसे अधिक 74.86 फीसदी मतदान हुआ, इसके बाद पश्चिम बंगाल में 73.93 फीसदी मतदान हुआ, जबकि महाराष्ट्र में सबसे कम 53.63फीसदी मतदान हुआ, तथा बिहार में 56.01 प्रतिशत। मोदी जो हाल ही में '400 पार' वाक्यांश का उपयोग करने से परहेज कर रहे थे, उन्होंने एक बार फिर इसे धार (मध्य प्रदेश) की सभा में इस्तेमाल किया। लोक सभा चुनाव में मतदान के हर चरण के बीतने के साथ आरएसएस और पारंपरिक भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों की पीड़ा और अधिक स्पष्ट होती जा रही है, भले ही आरएसएस के शीर्ष नेताओं ने उनकी पीड़ा रहने और भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की कोशिश की हो।

जीत का भ्रम पैदा करने के लिए आरएसएस के दिग्गजों द्वारा दिये गये तर्क के विपरीत, उनके कैडर झुकने को तैयार नहीं हैं। वे स्पष्ट हैं कि यदि मोदी जीते तो एक खतरनाक निरंकुश शासक बन जायेंगे। हालांकि उन्हें यकीन है कि भाजपा को बहुमत नहीं मिलेगा, लेकिन पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। उस पृष्ठभूमि में, राष्ट्रपति निश्चित रूप से मोदी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे। वे बताते हैं कि नरेंद्र मोदी के निर्देश पर अमित शाह भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिलने की स्थिति में छोटे दलों से समर्थन जुटाने के मिशन पर हैं।

उभरती राजनीतिक स्थिति से आशंकित होकर, राज्य-स्तरीय आरएसएस नेताओं और कार्यकताओं ने निवारक कदम उठाने के लिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और इसके महासचिव दत्तात्रे यहोसबोले से संपर्क किया है।

आरएसएस कार्यकताओं ने अपने नेताओं को लिखे एक पत्र में यह भी दुख व्यक्त किया है कि यह उनकी निष्क्रियता थी जिसके कारण मोदी भगवा पारिस्थितिकी तंत्र के एकमात्र नेता के रूप में उभरे। राज्य के इन नेताओं ने उन कारणों को भी जानना चाहा है कि जब मोदी संगठनों की संस्कृति और लोकाचार को नष्ट करने के रास्ते पर चल पड़े तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

उन्होंने यह भी बताया है कि अब बदली हुई स्थिति में, बड़ी संख्या में कैडर और स्वयंसेवक चुनाव प्रचार कार्य करने के लिए नहीं आ रहे हैं। मोदी अपने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व वाले चुनाव आयोग का उपयोग धोखाधड़ी और अवैध रूप से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीईसी द्वारा पहले दो चरणों में डाले गये वोटों के आंकड़ों को सही करना इस परिप्रेक्ष्य में एक अभ्यास है।

तीसरा चरण, जो 7 मई को समाप्त हुआ, पिछले दो चरणों की तुलना में कई मायनों में अलग था। महत्वपूर्ण यह था कि भाजपा शासित राज्यों द्वारा मतदान केंद्रों से बड़ी संख्या में मतदाताओं को भगाने के लिए पुलिस बलों का उपयोग करना। यह राजीव कुमार के नेतृत्व वाले चुनाव आयोग के लोगों से मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के आह्वान के ठीक विपरीत हुआ। मतदाताओं को भगाने के लिए पुलिस का क्रूर और आपराधिक उपयोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ-शासित उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक स्पष्ट था।

जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मुस्लिम और दलित मतदाताओं का अनुपात अधिक है, वे विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में इस तरह की पुलिस-संचालित आपराधिकता का शिकार हो रहे हैं। भगवा पारिस्थितिकी तंत्र और योगी सरकार ने इस भावना को दृढ़ता से पाला कि ये दोनों समुदाय इंडिया ब्लॉक, या किसी अन्य विपक्षी दल को वोट देंगे।

पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने उन निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की थी जो विपक्ष, इंडिया ब्लॉक, उम्मीदवारों के पक्ष में थे। ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में दोपहर तक मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा। कतार में खड़े मतदाताओं को बिना वोट डाले ही वापस जाने को कहा गया। दोपहर तीन बजे के बाद मतदान में तेजी आई। फिर भी चुनाव आयोग के अधिकारियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।

# बहू के आत्महत्या से क्षुब्ध ससुर ने की आत्महत्या

## अभी कोई तहरीर नहीं मिली: एसएचओ

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** सरधुवा थाने के चांदी गांव में एक नव विवाहिता ने गृह कलह से ऊबकर फांसी के फंदे से जीवन लीला समाप्त कर ली थी। घटना से क्षुब्ध मृतका के ससुर चौकीदार ने भी आत्मग्लानिवश चिल्लीमल गांव के चमरसन जंगल में नीम के पेड पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पुत्र शिवमूरत ने हत्या का आरोप लगाया है। परिवार में कोहराम मचा है। ससुर के आत्महत्या की ये घटना शुक्रवार को हुई। बताया गया कि



मृतक ससुर की फाइल फोटो।

चांदी गांव के छेदीलाल निषाद की बहू शोभा देवी उर्फ ऊषा ने गृह कलह से ऊबकर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया था। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा था। किसी कारणवश पोस्टमार्टम नहीं हो सका। इधर, मृतका के ससुर छेदीलाल निषाद ने चिल्लीमल गांव के चमरसन जंगल में नीम के पेड़ से शव लटकता मिला। ग्रामीणों ने शव देखते ही सरधुवा पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। मृतक के पुत्र शिवमूरत ने बताया कि पिता छेदीलाल नौ मई को सवेरे सात बजे घर से ये कहकर गए थे कि वह प्रधान के पास जा रहे हैं। लौटकर घर नहीं आये। फोन से मृतका के भाई सूरज से जानकारी मिली कि पिता का शव चमरसन जंगल में नीम में पेड से लटक रहा है। पुत्र शिवमूरत ने आरोप लगाया कि पिता की मृत्यु मृतका भाभी के भाइयों ने की है। अंतिम काल से साबित होता है कि उन्हीं लोगों ने मिलकर हत्याकर शव नीम के पेड़ से लटका दिया है। उसने मामले की जांच की मांग की है। बताया कि वह पांच भाई हैं। सबसे बड़ा रामनिरंजन, सियाराम, कल्लू, राममूरत, शिवमूरत व मां मोतीनिया का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि घटना स्थल में नीम के पेड़ से चैकीदार छेदीलाल का शव लटकता मिला है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। दोनों पक्षों के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली।

## 35 लीटर महुआ शराब समेत दो दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की अगुवाई में दरोगा राधेश्याम सिंह ने राकेश कुमार उर्फ हीरो पुत्र मेवालाल हरदीकला के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह व दीवान रमेशचन्द्र शामिल रहे।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा सुशीलचन्द्र निगम ने मनोज कुमार पटेल पुत्र रामकिशोर पटेल ददरीमाफी के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा सुशीलचन्द्र निगम व दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह शामिल रहे।

# जमीनी विवाद में गोली मार किया घायल, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** आपसी जमीनी विवाद में दो पक्षों पर विवाद होने पर पहले पक्ष ने तमंचे से गोली मारकर दूसरे पक्ष के युवक को घायल कर दिया है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घायल का इलाज सीएचसी में कराकर जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

गोली मारने की ये घटना शुक्रवार को सवेरे सात बजे हुई। बताया गया कि मारकुण्डी थाने के टिकरिया जमुनिहाई गांव में एक परिवार के दो पक्षों में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। शिवलखन यादव पुत्र रज्जू यादव सवेरे घर में कामकाज में जुटे थे। परिवार के विनोद यादव पुत्र



अस्पताल में भर्ती घायल।

भज्जू यादव ने तमंचा से गोली चला दी। शिवलखन की जांघ में गोली लगने से वह घायल हो गया। गोली की आवाज सुन गांव में दहशत फैल गई। सूचना पर मारकुण्डी थाना प्रभारी मनीष कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। घायल को मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि दोनों परिवार के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। विनोद यादव एक सप्ताह पहले दिल्ली से आया था। सवेरे आपस मे कहा-सुनी बाद मामला बढ़ने पर तमंचे से गोली मार दी। पुलिस आरोपी विनोद की तलाश में जुटी है।

# सलामी लेकर एसपी ने ड्रिल सुधार के दिये निर्देश



आदेश कक्ष में निर्देश देते एसपी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों का टर्न आउट देखा। परेड में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखकर सुधार के निर्देश प्रतिसार निरीक्षक को दिये।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने परेड निरीक्षण बाद निर्माणाधीन आरक्षी/मुख्य आरक्षी हास्टल भी देखा। कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये। इस मौके पर सीओ सिटी/लाइन राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## गाली-गलौज-मारपीट के तीन आरोपी को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार ने न्यायालय से गाली-गलौज व मारपीट के तीन आरोपियों को छह-छह माह की सजा से दंडित कराया है। शुक्रवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल की टीम की पैरवी व अभियोजन अधिकारी बृजमोहन की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकांतधर दुबे ने राजापुर थाने में दर्ज गाली-गलौज, मारपीट के आरोपी शिवलोचन, कट्टर पुत्र गुरु प्रसाद निषाद व गुरु प्रसाद पुत्र भावना शिवलहा पुरवा बरुआ को छह-छह माह की सजा से दंडित किया है।

# बाल भिक्षावृत्ति रोकने को समिति ने किया भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर जिले में गठित जिला बालश्रम/भिक्षावृत्ति निगरानी समिति ने बाल भिक्षावृत्ति रोकने को रेलवे स्टेशन में थाना प्रभारी जीआरपी संजीव कुमार व थाना प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दुर्गविजय सिंह, एमएसके प्रिया माथुर, बाल कल्याण समिति सदस्य राजेश दुबे, बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह, डीसीपीयू ने संयुक्त अभियान चलाया। शुक्रवार को संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर भ्रमण किया। कोई भी बालक भिक्षा मांगते नहीं मिला। कुछ लोग प्लेटफार्म नंबर तीन के बगल में डेरा डाले थे। पूंछतांछ पर नाम गुलाब सिंह पुत्र बेनी सिंह भरतकूप बताया। खुद को घुमंतू प्रजाति का बताते हुए कहा किवे घूमते-फिरते



बाल भिक्षा रोकने को भ्रमण करती टीम।

रहते हैं। डेरा डालकर कहीं पर भी जंगल या स्टेशन के आसपास रह लेते हैं। समिति ने घुमंतू परिवार के लोगों को हिदायत दी कि बच्चों से बाल श्रम या भीख न मंगवायें। स्कूल जाने को प्रेरित करें। अभियान में जीआरपी थाना चित्रकूट की सिपाही दीपा, शिवानी, सुशील कुमार आदि शामिल रहे।

# विभिन्न कक्षों में मतदान प्रशिक्षण का डीएम ने किया निरीक्षण

## अच्छे से लें प्रशिक्षण, मतदान के दिन न हो दिक्कत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में मतदान कर्मियों पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय के प्रशिक्षण को जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने विभिन्न कक्षों में जाकर निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रोजेक्टर से मास्टर ट्रेनरों के मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का निरीक्षण किया। बारीकी से दिये जा रहे प्रशिक्षण में



प्रशिक्षण कक्ष में निर्देश देते डीएम।

मतदान प्रक्रिया, मांकपोल, ईवीएम मशीनों की सीलिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया। अभ्यास भी कराया। उन्होंने मतदान कर्मियों से कहा कि अच्छे ढंग से प्रशिक्षण लें, ताकि मतदान के दिन दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतदान हो सके। इसके पहले जिला निर्वाचन अधिकारी ने 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के ईवीएम मशीनों के कार्यों की तैयारी बाबत निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लग जायें। डिस्प्ले कक्ष भी बनायें। 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट/ईडीसी से मतदान कराने को बनाये बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिये कि मतदान बाबत सभी तैयारी रहे, किसी भी मतदान कर्मी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण दौरान एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एएसडीएम मोहम्मद जसीम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, बीएसए लव प्रकाश यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव समेत संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रेक्षक ने ज्वलंत बूथों का निरीक्षण कर देखा मतगणना स्थल, प्रेक्षक ने डीएम से ली जानकारी



जानकारी लेती प्रेक्षक।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती वी कलाई राशि ने विधानसभा 236 के प्राथमिक विद्यालय बंदरी क्षेत्र मे ज्वलंत/क्रिटिकल बूथ व एफएसटी/एसएसटी टीम का निरीक्षण किया। चित्रकूट इंटर कॉलेज में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। शुक्रवार को निरीक्षण दौरान प्रेक्षक ने प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों के गैरहाजिरी की जानकारी ली। प्रेक्षक ने मतदान प्रशिक्षणार्थियों से ईवीएम की तैयारी बाबत जानकारी ली। कहा कि अच्छा प्रशिक्षण हो रहा है। जो समस्या हो एक बार फिर से दोहरा लें, ताकि साफ हो सके। मतदान के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह व एएसडीएम मोहम्मद जसीम अहमद को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण दौरान मतदान कर्मियों से ईवीएम संचालन बाबत प्रश्न पूंछे जायें।

प्रेक्षक ने रामायण मेला सीतापुर में स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल भी देखे। बनाये मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम के नक्शे को देखा। स्टाफ, मीडिया सेंटर, मॉनिटर डिस्प्ले, बैरिकेडिंग व प्रवेश स्थल की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने प्रेक्षक को सभी जानकारी दी। विधानसभा मानिकपुर, मऊ व चित्रकूट की सभी व्यवस्थाओं की तैयारी कर ली गई है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# परशुराम जयंती में एकजुटता का ब्राम्हणों ने लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जयंती विप्रजनों ने मनाई। ऋषि सत्संग भवन में हजारों विप्रजनों की मौजूदगी में भगवान परशुराम के बारे में बताया।

शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती पर मुख्य अतिथि कामदनाथ प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास महराज व विशिष्ट अतिथि प्रयागराज के महंत/कामदनाथ के संत-महंतों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर दीप जलाकर माल्यार्पण किया। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा समेत आयोजन समिति के रामसागर चतुर्वेदी, शिवशंकर त्रिपाठी, ताराचंद्र त्रिपाठी, पुत्तन महराज, अखिलेश पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय बरातीलाल, डा सुरेन्द्र मोहन, शिवप्रकाश पाण्डेय, सुनील द्विवेदी, अभिषेक पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय प्रधान, विनीत पयासी, नारायण पाण्डेय, जेपी मिश्रा, अनिल अनिवार्य की मौजूदगी में भगवान परशुराम के कृतित्व- व्यक्तित्व पर रोशनी डाली। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, सुनील शुक्ला प्रधान, राजा सेमरिया, सिद्धार्थ पाण्डेय, बद्री त्रिपाठी, हीरो मिश्रा, आनन्द त्रिपाठी, राजीव तिवारी, रावेन्द्र गौतम, राजीव त्रिपाठी हन्ना, कुलदीप पाण्डेय, वीरेन्द्र पाण्डेय, शैलेश शुक्ला, अतुल द्विवेदी मऊ, आशीष पाण्डेय, ललित त्रिपाठी गायक, अनुज हनुमत, अरुण मिश्रा आदि ने विप्रहित व समाज के सम्मान को एकजुट रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम बाद विप्रजनों ने शहर में शोभायात्रा निकालकर भगवान परशुराम के आदर्श पर चलने का संकल्प लिया।

## बिना अनुमति के न छपवायें विज्ञापन: डीएम

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित जिला शिकायत प्रकोष्ठ व नियंत्रण कक्ष में आये शिकायती पत्रों की समीक्षा की। प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी/अपर जिला अधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसडीएम आलोक सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार को निर्देश दिये कि सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखें। भड़काऊ भाषण व द्वेष फैलाने, आपसी भाईचारा बिगाड़ने पर भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार कार्रवाई करायें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों का कोई विज्ञापन इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया में बिना मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के प्रमाणन से प्रकाशित हो। सभी प्रत्याशियों से कहा कि कोई विज्ञापन इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में बिना मीडिया प्रमाणन के प्रकाशित न हो। मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के बिना प्रमाण के विज्ञापन प्रकाशित होता है तो संबंधित के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत रिपोर्ट लिखायी जायेगी। इसके लिए अभ्यर्थी खुद जिम्मेदार होंगे। संबंधित एडमिन व प्रकाशक के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

## डिवाइडर को तोडने पर मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खंड लोनिवि सत्येंद्रनाथ ने बताया कि खंड के अधीन बेडीपुलिया से यूपीटी तिराहा मार्ग पर कृष्णा डीजे साउंड ट्राली लाइट हाउस के सामने रानीपुर भट्ठ पर स्थित मार्ग के डिवाइडर को जय सिंह पुत्र भोंडा पटेल बार-बार तोड़ देता है। अपने वाहनों के आवागमन की सुविधा को आये दिन डिवाइडर को क्षतिग्रस्त करता है। शुक्रवार को एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ ने बताया कि विभाग डिवाइडर की कई बार मरम्मत करा चुका है। मार्ग के दोनों ओर आवास व दुकान होने से वैध कट का इस्तेमाल नहीं करता। उस पर उचित धाराओं में कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज कराया गया है, ताकि मार्ग पर आवागमन सुचारू रहे।

# धोखाधडी में महिला-पुरुष गिरफ्तार

## दो किलो 421 ग्राम नकली चांदी जेवर बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की अगुवाई में पुलिस ने धोखाधड़ी कर नकली जेवर के बदले रुपया हडपने में दो लोगों को दबोचकर दो किलो 421 ग्राम नकली चांदी के जेवर समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि नौ मई को पवन कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार पाण्डेय मनका बरगढ में थाने में सूचना दी कि दो माह पहले उसके माध्यम से पूजा मिश्रा (24) पत्नी पुनीत केसरवानी अल्लापुर जार्ज टाउन प्रयागराज, सोमेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र गुलाबचन्द्र वर्मा लपांव बरगढ ने मनका गांव के चन्द्रभान से 38



पुलिस गिरफ्त में धोखाधडी के आरोपी।

हजार रुपये लिये थे। बदले में दोनों ने चांदी के गहने गिरवी रखे थे। कुछ समय बाद पता चला कि चांदी नहीं गिलट है। इस सूचना पर दोनों के खिलाफ थाने में उचित धाराओं में मामला दर्ज हुआ। विवेचना दरोगा रामाधार सिंह को सौंपी गई।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अशोक चैराहा बरगढ से दोनों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से दो किलो 421.69 नकली चांदी के जेवर व एक इलेक्ट्रानिक कांटा बरामद हुआ। पूंछताछ में बताया कि नकली जेवर गहन रखकर बदले में रुपये लेते थे। पुलिस ने बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, सिपाही रोहित व महिला दीवान प्रिया द्विवेदी शामिल रही।

## डेढ किलो गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव की टीम ने मनीष सोनकर पुत्र शिवचरन सोनकर बाल्मीकिनगर के कब्जे से डेढ किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव, दरोगा मुकेश सिंह परिहार, दरोगा यूटी पवन चैधरी, सिपाही विनोद कुमार व जितेन्द्र शामिल रहे।

# फाइजर की वैक्सीन के खिलाफ आवाज उठाने वाली व्हिसलब्लोअर को जान का खतरा, वीडियो जारी कर कही ये बात



**लंदनः** एस्ट्राजेनेका का दुनियाभर से कोविड वैक्सीन वापस लेने का ऐलान के बीच फाइजर की पूर्व कर्मचारी और व्हिसलब्लोअर मेलिसा मैकएटी ने एक वीडियो जारी कर अपनी जान को खतरा बताया है।

बता दें कि मेलिसा मैकएटी ही वह व्हिसलब्लोअर हैं जिन्होंने वैक्सीन बनाने वाली कंपनी फाइजर के टीकों में गड़बड़ी संबंधी मेल लीक की थी. उस मेल में उन्होंने एमआरएनए वैक्सीन लैब परीक्षणों में मानव भ्रूण ऊतक-व्युत्पन्न सेल लाइनों के उपयोग का आरोप लगाया था. हालांकि बाद में इसकी पुष्टी नहीं हो सकी. मैकएटी ने टीके के अवयवों और लोगों की मौतों के संभावित संबंधों के बारे में चिंता व्यक्त की थी.

अब दो बोइंग व्हिसलब्लोअर्स की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक वीडियो जारी कर इस बात पर जोर दिया है कि उन्हें कोई भी नुकसान बिग फार्मा और सरकार की वजह से होगा. वीडियो में, मैकएटी ने दर्शकों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि वह थकी हुई जरूर है लेकिन कभी आत्महत्या नहीं करेंगी. उन्होंने कहा कि उनका पारिवारिक जीवन खुशहाल है.

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके और उनके परिवार के बीच कोई विवाद या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं है. और उन्होंने अपने घर या कार में कोई असामान्य बदलाव नहीं किया है. उन्होंने कहा कि भविष्य में उनके ऊपर किसी तरह का हमला होता है या उन्हें जान का खतरा होता है तो इसके लिए बड़ी दवा कंपनियां, तकनीकी कंपनियां या सरकार जिम्मेदार होगी.

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सभी को नमस्कार. मेरा नाम मेलिसा मैकएटी है. जिसे मेलिसा स्ट्रिकलर के नाम से भी जाना जाता है. मैं फाइजर व्हिसलब्लोअर हूं. मैं फाइजर में लगभग पांच वर्षों तक विनिर्माण गुणवत्ता में और कुल मिलाकर लगभग दस वर्षों वहां काम किया.

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि मैं यहां बस अपने चेहरे का एक वीडियो डालना चाहती थी जिसमें मेरी आवाज यह बताती हो कि मैं आत्महत्या नहीं करने वाली हूं. मेरी और मेरे पति की शादी खुशहाल और स्वस्थ है. मैं अपने बेटे से प्यार करती हूं. मैं अपने परिवार से प्यार करती हूं. जोखिमों के बावजूद, मैकएटी एमआरएनए टीकों के बारे में मुखर रहती हैं. उन्होंने डर में जीने से इनकार करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को किसी भी जोखिम से बचाना था.

हालांकि, कुछ लोग मैकएटी की चिंताओं को मनगढंत मानकर खारिज कर रहे हैं. जबकि, मर्क एंड कंपनी के पूर्व प्रतिनिधि ब्रांडी वॉन का मामला सबके सामने हैं. जिन्हें टीकों के खिलाफ बोलने के बाद अपना अनुभव साझा करने के बाद उत्पीड़न का सामना करना पड़ा था. जिसके कुछ ही दिन बाद वॉन की दिल का दौरा पड़ने से अचानक मृत्यु हो गई.

## अमेरिका और मिस्र ने हमास-इजराइल से अपने रुख में बदलाव लाने का किया आह्वान

**काहिरा :** हमास और इजराइल के बीच युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के समझौते को लेकर काहिरा में हुई बातचीत बेनतीजा रही. इसके बाद अब मिस्र और अमेरिका ने दोनों पक्षों से अपने रुख में बदलाव लाने का आह्वान किया है. मिस्र के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार रात फोन पर बातचीत के दौरान दोनों पक्षों से अपने रुख में बदलाव लाने और समझौते तक पहुंचने के लिए आवश्यक प्रयास करने का आग्रह करने के महत्व पर सहमति व्यक्त की. बता दें कि इजराइल और हमास सीधे तौर पर बातचीत करने के लिए तैयार नहीं है. ऐसे में अमेरिका, कतर और मिस्र मध्यस्थ के रूप में कार्य कर रहे हैं. शौकरी और ब्लिंकन ने शरणार्थियों से भरे गाजा के शहर रफा में सुरक्षा और मानवीय स्थिति पर चर्चा की. प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, मिस्र के अधिकारी ने राफा में इजराइली सैन्य अभियानों के नतीजों के प्रति चेतावनी दी. इस हफ्ते की शुरूआत में, इजरायल ने रफा सीमा पार के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया, जिससे भारी आबादी वाले गाजा पट्टी में मानवीय सहायता वितरण रोक दिया गया. इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के कारण विस्थापित हुए हजारों फिलिस्तीनियों के लिए राफा आखिरी ठिकाना है. इजराइल इस शहर को हमास के आखिरी गढ़ के रूप में देखता है।

## नेपाल: संसद में बजट सत्र का पहला दिन हंगामेदार, कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित



**काठमांडू।** नेपाल की संसद में शुक्रवार से बजट सत्र प्रारम्भ हुआ लेकिन पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्षी दलों ने संसद के दोनों सदनों को नहीं चलने दिया। सहकारी धोखाधड़ी प्रकरण में गृहमंत्री की संलग्नता की पुष्टि होने के कारण उनके इस्तीफे की मांग करते हुए दोनों सदनों को नहीं चलने दिया गया।

प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित करते हुए गृहमंत्री रवि लामिछाने के इस्तीफे के बिना सदन की कार्यवाही नहीं चलने देने की बात कही है।

अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलम्ब से सदन की कार्यवाही शुरू हुई।

सदन में पहले विपक्षी दल के तरफ से प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि जांच समिति में भी गृहमंत्री लामिछाने की संलग्नता का प्रमाण मिलने के बाद भी इस्तीफा नहीं देना दुखद है। जब तक गृहमंत्री का इस्तीफा नहीं आता, तब तक सदन नहीं चलने दिया जाएगा।

राष्ट्रीय सभा में प्रतिपक्ष के नेता कृष्ण प्रसाद सिटौला ने कहा कि सरकार द्वारा जब तक सहकारी के समग्र प्रकरण की जांच के लिए संसदीय समिति का गठन नहीं किया जाता है, तब तक कोई भी सदन नहीं चलने दिया जाएगा।

राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण दाहाल ने सदन की कार्यवाही चलाने का प्रयास भी किया लेकिन विपक्षी सांसदों ने आसन का घेराव कर कार्यवाही बाधित कर दी।

संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर गृहमंत्री जांच से डर क्यों रहे हैं? इससे क्या उनके आरोपों की पुष्टि नहीं होती है? उन्होंने कहा कि गृहमंत्री को अपना पद छोड़ कर जांच में सहयोग करना चाहिए। गगन थापा ने कहा कि जो राजनीतिक दल नैतिकता की बात करते हुए चुनाव में जीत कर आए हों, उनकी तरफ से ही अनैतिकता का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस्तीफे के बिना सदन की कार्यवाही नहीं चल सकती है।

## बांग्लादेश में एयर अरबिया की फ्लाइट में लैंडिंग से पहले आई तकनीकी खराबी, 12 मिनट तक अटकी रहीं 191 यात्रियों की सांसें



**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव शाह अमानत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह करीब 8:39 बजे एयर अरबिया की एक फ्लाइट के 191 यात्री और चालक दल के सात सदस्य बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गए। बांग्लादेश के समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार एयर अरबिया की उड़ान (जी-9526) को हवाई अड्डे पर लैंड करते समय हाइड्रोलिक दबाव प्रणाली की विफलता का सामना करना पड़ा। इस वजह से विमान करीब 12 मिनट तक आसमान में चक्कर लगाता रहा। बाद में यात्रियों और चालक दल के सुरक्षित उतरने के बाद विमान को रन-वे से हटा दिया गया। चटगांव शाह अमानत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निदेशक ग्रुप कैप्टन तसलीम अहमद ने कहा, " यांत्रिक खराबी के कारण 191 यात्रियों के साथ शारजाह से आने वाली एयर अरबिया की उड़ान सुबह चटगांव हवाईअड्डे पर उतरी। विमान के उतरने से पहले हाइड्रोलिक दबाव प्रणाली में खराबी आ गई। सूचना मिलते ही आवश्यक उपाय कर उड़ान को सुरक्षित रूप से उतारा गया।

## इमरान खान को रिहा करने की मांग, पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे समर्थकों को गिरफ्तार किया



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को हुए दंगों की पहली बरसी मनाने के लिए समर्थक सड़कों पर उतरे। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। धारा 144 के उल्लंघन में गिरफ्तार समर्थकों में दो स्थानीय नेता भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने आदियाला जेल में बंद इमरान खान को रिहा करने की मांग करके पीएमएल-एन सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। रावल रोड पर इमरान की पार्टी के नेता सीमाबिया ताहिर के नेतृत्व में लगभग 30 कार्यकर्ता एकत्र हुए। इन लोगों ने अमरपुरा से रैली निकाली और स्थानीय ने पार्क के पास सड़क पर पीटीआई का झंडा फहराया। पुलिस ने इन लोगों को हटाने तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और ताहिर को हिरासत में ले लिया। बाकी अन्य प्रदर्शनकारी पुलिस से बचने में कामयाब रहे। पीटीआई नेता शहरयार रियाज के नेतृत्व में एक और रैली बन्नी इलाके में निकाली गई। सुरक्षा के मद्देनजर शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर 62 विशेष पिकेट स्थापित किए गए। पुलिस मोबाइल वैन के साथ डॉल्फिन बल भी गश्त करते नजर आए।

## लाहौर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगी भीषण आग, कई उड़ानें प्रभावित, आव्रजन प्रणाली क्षतिग्रस्त



**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को आग लगने से पूरी आव्रजन प्रणाली क्षतिग्रस्त हो गई और विमानों का संचालन ठप हो गया। नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) के मुताबिक, आव्रजन काउंटर की छत में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। सीएए ने कहा, दमकल कर्मी और बचाव दल तुरंत के पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया और जनहानि की खबर नहीं है।

सीएए ने कहा कि आव्रजन क्षेत्र में मौजूद यात्रियों को वहां से निकाल लिया गया और घरेलू लाउंज में भेज दिया गया। बचाव दल से जुड़े कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। इमिग्रेशन क्षेत्र में मौजूद यात्रियों को दूसरे जगह स्थानांतरित कर दिया गया। सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कहा कि आग की घटना के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों में देरी हुई। हवाई अड्डे के कर्मचारी को मैन्युअल तरीके से कार्य करना पड़ा। इस बीच, आग की घटना पर संज्ञान लेते हुए गृह मंत्रालय ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और घटना की गहन जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने यात्रियों की सुविधा के लिए इमिग्रेशन काउंटर को जल्द से जल्द चालू करने का भी निर्देश दिया है। संघीय गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

## नेपाल के गृहमंत्री ने 'सूर्यदर्शन' से लिए कर्ज के एक करोड़ रुपये को गैलेक्सी टीवी में किया निवेश, जांच में पुष्टि

**काठमांडू।** नेपाल के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रवि लामिछाने ने सूर्यदर्शन सहकारी संस्था से कर्ज के रूप में लिए एक करोड़ रुपये गैलेक्सी टीवी में निवेश किए। इसकी पुष्टि हो गई है। इससे लामिछाने की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

दरअसल यह संस्था 150 करोड़ रुपये की हेराफेरी उजागर होने के बाद विवादों में है। पोखरा महानगरपालिका ने इसकी जांच के लिए समिति का गठन किया था। इस जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट महानगरपालिका को सौंप दी है। महानगरपालिका ने कार्रवाई के लिए रिपोर्ट पुलिस को सौंपी है। इस जांच समिति में जुड़े दीपक प्रसाद आचार्य के मुताबिक, जांच के दौरान कुछ ऐसे कागजात मिले जिससे यह प्रमाणित होता है कि रवि लामिछाने ने गोरखा मीडिया के संचालक और प्रबंध निदेशक की हैसियत से यह कर्ज लिया और इसे गैलेक्सी टीवी में निवेश कर दिया। दस्तावेजों में इसकी पुष्टि हुई है। आचार्य का कहना है कि नेपाल के सहकारी नियमों के मुताबिक ऐसा करना गलत है। साथ ही सहकारी संस्था अपने सदस्यों को ही ऋण दे सकती है। रवि लामिछाने तो इसके सदस्य भी नहीं हैं। उधर, विपक्ष ने इसके लिए संसदीय जांच समिति के गठन की मांग की है।

## बलूचिस्तान के ग्वादर में आतंकियों की अंधाधुंध गोलीबारी में सात की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर ग्वादर में गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में कम से कम सात श्रमिक मारे गए और एक घायल है। इस हमले की किसी भी आतंकी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। ग्वादर पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोहसिन अली के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक आवासीय क्वार्टर पर अंधाधुंध गोलीबारी की। मृत और घायल व्यक्ति इलाके में नाई की दुकान में काम करते थे और पंजाब के खानेवाल जिले के रहने वाले थे। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि आतंकियों और उनके मददगारों को गिरफ्तार करने के लिए सभी प्रकार के बल का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य के गृह मंत्री मीर जिया उल्लाह लांगौ ने सात मजदूरों की हत्या को खुला आतंकवाद करार देते हुए जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना करीब तीन सप्ताह बाद सामने आई है जब अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के नुश्की जिले में अलग-अलग आतंकी घटनाओं में 11 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतकों में नौ लोग पंजाब के थे जिन्हें आतंकियों ने बस से बाहर निकालकर अगवा कर लिया था। इसी तरह 20 मार्च को ग्वादर पोर्ट अथारिटी पर बंदूकधारियों ने हमला किया था।

## नेतन्याहू ने कहा, हमास के खिलाफ इजराइल अकेला भी खड़ा रहेगा



**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को कहा है कि हमास के खिलाफ युद्ध में यदि जरूरत पड़ी तो उनका देश ह्यअकेला भी खड़ाह्व रहेगा। वहीं इजराइली सेना ने दावा किया कि गाजा के दक्षिणी शहर रफह में सैन्य कार्रवाई करने के लिए जरूरी हथियार उसके पास हैं।

नेतन्याहू का यह बयान, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की उस चेतावनी के बाद आया, जिसमें बाइडनन ने कहा कि अमेरिका, इजराइल को दक्षिणी गाजा शहर रफह पर हमले के लिए हथियार मुहैया नहीं करेगा। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा, यदि हमें अकेला खड़ा रहना होगा तो हम अकेले ही खड़े रहेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे।

इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, सेना के पास उन अभियानों के लिए हथियार हैं जिनकी वह योजना बना रही है और रफह में अभियान के लिए भी हमारे पास वह है जो हमें चाहिए।डेनियल की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, वहां हमले की चपेट में नागरिकों के आने की आशंका के मद्देनजर हमास के आखिरी गढ़ रफह में सैन्य कार्रवाई के लिए इजराइल को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के साथ इजराइल के घनिष्ठ संबंध है और असहमति को बंद दरवाजों के पीछे सुलझाया जाना चाहिए।

## तुर्किये में लैंडिंग के समय फटा विमान का टायर, चालक दल और यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया

**अंकारा।** तुर्किये के एक दक्षिणी हवाई अड्डे पर लैंडिंग के समय गुरुवार को एक विमान का टायर फट गया, हालांकि घटना के बाद 184 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 190 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। तुर्किये के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार तुर्किये स्थित कोरेंडन एयरलाइन का बोइंग 737 अलान्या शहर के पास गाजीपासा हवाई अड्डे पर उतरा। यह विमान जर्मनी के कोलोन से यहां आया था।

विमान के उतरते समय इसका एक टायर फट गया, लेकिन 184 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 190 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्रालय ने बताया कि क्षतिग्रस्त विमान को हटाते समय अन्य उड़ानों को समीपवर्ती अंताल्या हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। हाल के दिनों में तुर्किये के हवाई अड्डे पर यह दूसरी घटना थी। बुधवार को, फे-डएक्स एक्सप्रेस के एक बोइंग 767 कार्गो विमान के ह्यफ्रंट लैंडिंग गियरह्व में खराबी आने के बाद इस्तांबुल हवाई अड्डे पर इसे आपात स्थिति में उतारा गया। इस दौरान कोई भी घायल नहीं हुआ और चालक दल के सदस्यों को विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## फंग लियुआन और तमारा वुसिक ने सर्बियाई राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा किया



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की पत्नी फंग लियुआन ने बेलग्रेड में सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक की पत्नी तमारा वुसिक के साथ सर्बियाई राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा किया। दोनों ने एक साथ उत्कृष्ट पेंटिंग प्रदर्शनी देखी।

फंग लियुआन ने कहा कि सर्बियाई राष्ट्रीय संग्रहालय का इतिहास बहुत लंबा है और इसमें समृद्ध संग्रह हैं। संग्रहालय न केवल सांस्कृतिक अवशेषों की सुरक्षा और प्रदर्शन के लिए एक खिड़की है, बल्कि, सभ्यता को प्रसार-प्रचार करने के लिए एक महल भी है। आशा है कि चीन और सर्बिया सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करेंगे और संयुक्त रूप से सभ्यताओं के बीच बातचीत के लिए एक पुल का निर्माण करेंगे।

सर्बियाई महिलाओं की हाथ से बुनाई और अन्य पारंपरिक कौशल की प्रदर्शनी देखने के बाद फंग लियुआन ने कहा कि सर्बियाई हाथ से बुनाई कौशल एक महत्वपूर्ण गैर-भौतिक सांस्कृतिक विरासत है। इसका अच्छी तरह से विकास किया गया है। चीन और सर्बिया की कढ़ाई संस्कृतियां समान हैं। इस पक्ष में दोनों देशों के युवा आदान-प्रदान और आपसी सीख को मजबूत कर सकते हैं।

गौरतलब है कि सर्बियाई राष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना वर्ष 1844 में हुई, जिसमें 4 लाख से अधिक वस्तुओं का संग्रह है। वह सर्बिया में सबसे बड़ा और सबसे पुराना संग्रहालय है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।